दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

नई दिल्ली। गुरुवार 08 जनवरी -2026 | वर्ष : 11 अंक : 20 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3







## दिल्ली के तुर्कमान गेट पर आधी रात हुई पत्थरबाजी में 5 अरेस्ट

### दंगा भड़काने के आरोप में केस दर्ज



**नई दिल्ली।** दिल्ली का ऐतिहासिक तुर्कमान गेट इलाका एक बार फिर तनाव और हंगामे की गूँज से दहल उठा। पुरानी दिल्ली के फैज-ए-इलाही मस्जिद के बाहर अवैध अतिक्रमण को हटाने पहुँची नगर निगम और पुलिस की टीम पर हुए हिंसक हमले के मामले में सुरक्षाबलों ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। इस बवाल के मुख्य सूत्रधारों की पहली तस्वीरें सामने आ गई हैं, जिसमें पुलिस ने पत्थरबाजी और सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में कासिफ, कैफ, अरीब, अदनान और समीर को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई उस वक्त की गई जब प्रशासन का बुलडोजर मस्जिद के बाहरी परिसर में अवैध रूप से बने ढांचों को ढहाने पहुँचा था, लेकिन देखते ही देखते शांतिपूर्ण कार्रवाई ने हिंसक रूप अख्तियार कर लिया।

घटनाक्रम के अनुसार, बुधवार को जब दिल्ली नगर निगम की टीम भारी पुलिस बल के साथ अतिक्रमण विरोधी अभियान शुरू करने पहुँची, तो वहां मौजूद भीड़ ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। कुछ ही मिनटों में यह विरोध हिंसक झड़प में तब्दील हो गया और भीड़ की ओर से पुलिसकर्मियों पर पथराव शुरू कर दिया गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। दिल्ली पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों और स्थानीय लोगों द्वारा बनाए

विस्तृत खबर, पृष्ठ 2

# साल बीतने के साथ बढ़ रहे हैं गाजियाबाद में सड़क हादसे

# चार साल में 1509 लोगों ने सड़क हादसों में गंवाई जान

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में साल 2022 के बाद से सड़क हादसों की संख्या में इजाफा हो रहा है। हादसों की वजह रफ्तार और वाहन चालकों का बेपरवाह अंदाज में वाहन चलाना है। वहीं दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस- वे सहित ईस्टर्न पेरीफेरल हाईवे और एलिवेटेड जैसे रफ्तार भरने वाले पुल और सड़क बनने के बाद सड़क हादसों की संख्या में भी तेजी से इजाफा हुआ है। बात बीते चार सालों की हो तो जहां 3970 सड़क हादसे हुए हैं। तो 4 सालों के भीतर 1509 लोगों ने अलग-अलग सड़क हादसों में अपनी जीवन लीला को समाप्त भी किया है।

इन सड़क हादसों में कई परिवार बिछड़ गए बल्कि 400 परिवारों में मातम भी छाया गया। इसके साथ ही कुल 2972 लोग बीते चार सालों के अलग-अलग सड़क हादसों में गंभीर और मामूली रूप से घायल भी हुए हैं। इसी के साथ वर्ष 2025 गाजियाबाद के अलग-अलग थानाक्षेत्रों में 400 लोगों की सड़क हादसों में मृत्यु हुई है।

कुल मिलाकर अगर कहा जाए तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की सड़के जानलेवा साबित हो रही हैं और हर साल सड़क हादसों की संख्या के साथ ही मृत्यु की संख्या में भी इजाफा देखने को मिल रहा है। हालांकि गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस और पुलिस कमिश्नरेट गाजिसाबाद द्वारा वर्ष 2026 में सड़क हादसे रोकने के साथ ही हाईवे और प्रमुख मार्गों पर स्पीड लिमिट से लेकर सड़क हादसों में कमी लाने के लिए बाकायदा बीते दिनों विस्तृत मीटिंग भी ली गई है।

## 2025 में अलग-अलग सड़क हादसों में 400 परिवारों में छाया मातम



### हर साल बढ़ रहा है सड़क हादसों और मृत्यु का आंकड़ा

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के वर्ष 2022 से लेकर 2025 तक के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो साल 2022 में जहां 886 सड़क दुर्घटनाएं हुई। तो यह संख्या 2023 में 991 जा पहुंची, साथ ही साल 2024 में 996 हो गई। तो वहीं 2025 में हादसे अधिक हुए और यह संख्या बढ़कर 1097 पहुंच गई है। इसके साथ ही 2022 में जहां कुल 363 मृत्यु हुई, तो 2023 में जाकर यह आंकड़ा 365 दर्ज किया गया। तो 2024 होते-होते सड़क हादसे 381 पहुंच गए और साल 2025 में 400 लोगों की अलग-अलग सड़क हादसों में दर्दनाक मौत हुई। जिसमें कुल मिलाकर बीते 4 सालों में 1509 लोगों की जीवन लीला समाप्त सड़क हादसों की वजह से ही हुई है। वहीं घायलों की संख्या की बात की जाए तो साल 2022 में 638, 2023 में 704, 2024 में 781 और 2025 में यह आंकड़ा बढ़कर 849 पहुंच गया यानी कुल 4 सालों में 2972 लोगों की अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं के घायलों वाली स्थिति बनी।

### बनाया जा रहा है सड़क हादसे रोकने के लिए मेगा प्लान




करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कमिश्नर जे रविंदर गौड, डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन, एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन सहित एक दर्जन से अधिक ट्रैफिक इंस्पेक्टर्स की राय लेते हुए अलग-अलग डार्क जोन, डेंजर प्वॉइंट, एक्सीडेंट के लिए सावधानियां, सुझाव के साथ ही नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के साथ ही परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ मास्टर और मेगा प्लान बनाया जा रहा है ताकि गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में सड़क हादसों में कमी लाने के साथ ही लोगों की जीवन रक्षा की जा सके। वहीं पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड का कहना है कि पुलिस का काम कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के साथ ही लोगों के जीवन को बचाना भी है।

# शराब के ढक्कन से खुला मौत का राज

## पुलिस ने 24 घंटे में सुलझाया केस, 2 धरे



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट ने लोनी थानाक्षेत्र में हुई एक हत्या का पुलिस ने मात्र 24 घंटे के भीतर सफल खुलासा कर दिया। लोनी पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों का बेहतरीन उपयोग करते हुए शराब की बोतल पर लगे बारकोड के जरिए न सिर्फ मृतक की पहचान की, बल्कि हत्या में शामिल दोनों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया।

एसीपी लोनी सिद्वार्थ गौतम के अनुसार घटनास्थल से बरामद शराब की बोतल के बारकोड की जांच के बाद मृतक की पहचान आकाश पुत्र राजू, निवासी मेवला भट्टी, थाना लोनी के रूप में हुई।

जांच में सामने आया कि मृतक अपने ही दो साथियों चिंटू पुत्र जगवीर सिंह और बादल पुत्र फिरोज, दोनों निवासी मेवला भट्टी, के साथ शराब पी रहा था। पूछताछ में खुलासा हुआ कि शराब पीने के दौरान मामूली कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते झगड़े में बदल गई। गुस्से में आकर दोनों आरोपियों ने अपने ही साथी आकाश की मफलर से गला घोंटकर हत्या कर दी और शव को घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गए। लोनी पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त मफलर भी बरामद कर ली गई है। पुलिस ने दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए मामले में आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। लोनी पुलिस की इस तेज और तकनीकी कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

# पंचायत चुनाव की तैयारी शुरू

## गाजियाबाद में मतदाता सूची का बड़ा अपडेट

**7 जनवरी से शुरू होगा पुनरीक्षण, 28 मार्च को जारी होगी अंतिम मतदाता सूची**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आने वाले पंचायत चुनावों को लेकर जनपद में चुनावी हलचल तेज हो गई है। राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश के निर्देश पर गाजियाबाद में त्रिस्तरीय पंचायतों की मतदाता सूची के संशोधित पुनरीक्षण का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है।

जिला प्रशासन के अनुसार 7 जनवरी से 20 फरवरी 2026 तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और सुधार से जुड़े दावे-आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान फर्जी और डुप्लीकेट मतदाताओं की जांच भी की जाएगी, ताकि पंचायत चुनाव के लिए पारदर्शी और विश्वसनीय वोटर लिस्ट तैयार हो सके।

इसके बाद 21 फरवरी से 16 मार्च 2026 तक पूरक सूचियों को कंप्यूटराइज कर मूल सूची में शामिल किया जाएगा




और मतदान केंद्रों व स्थलों का पुनर्निर्धारण किया जाएगा। वहीं 17 मार्च से 27 मार्च 2026 तक मतदाताओं का क्रमांकन, मतदान केंद्रों की मैपिंग और अन्य तकनीकी तैयारियां पूरी की जाएंगी।

मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 28 मार्च 2026 को किया जाएगा। इसी सूची के आधार पर पंचायत चुनाव में प्रत्याशियों की किस्मत और मतदाताओं का फैसला तय होगा। प्रशासन ने साफ किया है कि पुनरीक्षण अवधि में पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश के दिनों में भी संबंधित कार्यालय खुले रहेंगे और कार्यक्रम का व्यापक प्रचार किया जाएगा।

# औद्योगिक संपत्तियों के पारिवारिक हस्तांतरण का स्वागत

## लेकिन लीज होल्ड पर लागू बिना फैसला अधूरा: उपेन्द्र गोयल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ऑल इंडिया मैनुफैक्चरर्स ऑर्गेनाइजेशन (यूपी स्टेट बोर्ड) के अध्यक्ष उपेन्द्र गोयल ने उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट द्वारा व्यावसायिक एवं औद्योगिक संपत्तियों के रक्त संबंधियों के बीच हस्तांतरण को सरल बनाने के निर्णय का स्वागत किया है।

उन्होंने कहा कि यह फैसला पारिवारिक उद्योगों के लिए राहत देने वाला और उद्योग हित में एक सकारात्मक कदम है।

उपेन्द्र गोयल ने अपने बयान में स्पष्ट किया कि यह निर्णय तब तक पूरी तरह प्रभावी नहीं माना जा सकता, जब तक इसे लीज होल्ड औद्योगिक संपत्तियों पर लागू नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अधिकांश औद्योगिक क्षेत्र यूपीसीडा के अधीन हैं और वर्तमान यूपीसीडा नियम जटिल एवं उद्योग विकास के अनुकूल नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यूपीसीडा नियमों के सरलीकरण को लेकर प्रदेश के उद्यमी और औद्योगिक संगठन लंबे समय से प्रतिवेदन देते आ रहे हैं, लेकिन अब तक उन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इसी कारण प्रदेश भर के उद्यमियों में असंतोष की स्थिति बनी हुई है।




उपेन्द्र गोयल ने प्रदेश सरकार से मांग की कि रक्त संबंधियों के बीच औद्योगिक संपत्तियों के हस्तांतरण की सुविधा को शीघ्र लीज होल्ड संपत्तियों पर भी लागू किया जाए और यूपीसीडा के नियमों में आवश्यक संशोधन किए जाएं, ताकि शासन द्वारा किए गए औद्योगिक सुधार वास्तव में जमीनी स्तर पर प्रभावी साबित हो सकें। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रदेश सरकार उद्योगों की व्यावहारिक समस्याओं को समझते हुए जल्द निर्णय लेगी, जिससे उत्तर प्रदेश में निवेश, उत्पादन और रोजगार को नई गति मिलेगी।

# नए साल की पहली क्राइम मीटिंग में बना नशाखोरी के खिलाफ बड़े अभियान का प्लान

# ऑपरेशन जागृति की तर्ज पर जल्द तीनों जोन में होगी ताबड़तोड़ कार्रवाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने वर्ष 2026 को लेकर प्लानिंग शुरू की हुई है और मंगलवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की इस वर्ष की पहली अपराध मीटिंग में कमिश्नरेट के तीनों जोन से नशाखोरी के धंधे की कमर तोड़ने के लिए मास्टर प्लान बनाया गया है। पुलिस अधिकारियों द्वारा बताया जा रहा है जिस तरीके से पुलिस कमिश्नर ने आगरा में ऑपरेशन जागृति के तहत नशे के कारोबार के सौदागरों और अलग-अलग स्थानों पर मादक पदार्थों की बिक्री और तस्करी करने वाले गैंग की कमर तोड़ी थी, इसको लेकर जल्द ही गाजियाबाद के तीनों जोन में बड़ा एक्शन देखने को मिलेगा। तो वहीं कानून व्यवस्था की स्थिति को



मजबूत बनाने और अपराध नियंत्रण को लेकर साइबर अपराधियों की विवेचनाओं को बेहद गंभीरता से लेने के साथ महिला अपराध और बीट पुलिसिंग को और ज्यादा मजबूत बनाने पर जोर देते हुए तीनों जोन के डीसीपी और एसीपी स्तर के अधिकारियों को कमिश्नर के द्वारा दिशा-निर्देश दिए गए हैं। वहीं पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि कई और महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी पुलिस कमिश्नर ने अधिकारियों को फोकस करने का निर्देश दिया है।

## अवैध शस्त्र वालों के खिलाफ भी चलेगा ऑपरेशन

### मकर संक्रांति-गणतंत्र दिवस को लेकर भी शुरू हो गई तैयारी



करंट क्राइम : मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देश और दिल्ली से सटे होने की वजह से गाजियाबाद में सुरक्षा और कानून व्यवस्था को हमेशा से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। बताया जा रहा है आने वाले दिनों में गणतंत्र दिवस को लेकर दिल्ली पुलिस और नोएडा पुलिस के साथ महत्वपूर्ण बैठक होनी है। तो वहीं मकर संक्रांति के त्यौहार को भी अलग-अलग जोन में शांतिपूर्वक और बिना किसी तनाव के संपन्न कराने के लिए प्लान बनाया गया है। इसमें पुलिस और खुफिया तंत्र को भी एक्टिव रहना होगा।

### बेचने वालों से लेकर खरीदने वाले आएंगे पुलिस की रडार पर




करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर ने पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम से नशाखोरी के धंधे को खत्म करने के लिए बड़ा प्लान बनाया है। बताया जा रहा है कि ऐसे तस्करों को चिन्हित किया जाएगा, उनके स्थान सार्वजनिक होंगे और पुलिस कार्रवाई करने के लिए तस्करों की संपत्ति को अटैच करने का काम करेगी। उन पर गैंगस्टर, गुंडा के तहत कठोर कार्रवाई होगी और जिला बदर करने का भी अभियान चलाया जाएगा। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में नशे के धंधे को बढ़ावा देने वाले गिरोह और उनके सरगनाओं पर बड़ा और कड़ा एक्शन भी देखने को मिलेगा।



# दिल्ली में आधी रात मस्जिद के पास चला बुलडोजर

## 100-150 के करीब उपद्रवियों ने पुलिस पर पथराव किया, स्थिति हुई बेकाबू




**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के तुर्कमान गेट इलाके में फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण हटाने के अभियान के दौरान हिंसक झड़पें हुईं। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेशों पर देर रात यह कार्रवाई शुरू की थी। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई का विरोध किया, जिससे स्थिति बेकाबू हो गई। विरोध कर रहे लोगों की भीड़ ने पुलिस और एमसीडी की टीमों पर पथराव कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप इलाके में तनाव का माहौल बन गया।

**हिंसा और पुलिस कार्रवाई :** पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए स्थिति को नियंत्रित कर लिया। पथराव की इस घटना में पांच पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है और उपद्रवियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच और फुटेज के आधार पर पुलिस ने करीब 10 लोगों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर की जा रही थी।

**गिरफ्तारी और जांच :** दिल्ली पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पत्थर फेंकने वालों की पहचान की जा रही है। फिलहाल, प्राथमिकी अज्ञात लोगों के खिलाफ है, हालांकि पुलिस ने चार से पांच संदिग्धों की पहचान कर ली है। हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ जारी है और आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस घटना में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

**राजधानी दिल्ली के तुर्कमान गेट इलाके की घटना**

ज्वाइंट सीपी मधुर वर्मा ने तुर्कमान गेट स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण हटाने पर कहा, 100-150 के करीब उपद्रवी थे जिन्होंने पुलिस पर पथराव किया। कुछ लोगों को चिह्नित किया गया है।

### 'इन पत्थरबाजों के हाथ में पत्थर किसने दिए?', 'कानून अपना काम कर रहा है'



दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने तुर्कमान गेट स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण हटाने पर कहा कि वह अतिक्रमण हटना ही था लेकिन जिस तरह पुलिस पर पथराव किया गया है, यह सोचने की बात है कि राजधानी में इन पत्थरबाजों के हाथ में पत्थर किसने दिए? यह धार्मिक उन्माद भड़काने की कोशिश थी। मैं पुलिस, प्रशासन को बधाई देता हूं कि उन्होंने बहुत संयम से इस कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस से निवेदन है कि जो लोग इसमें शामिल हैं उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

भाजपा नेता करनैल सिंह ने तुर्कमान गेट स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण हटाने और हुई पत्थरबाजी की घटना पर कहा, कानून अपना काम कर रहा है, कानून के हिसाब से सारी चीजें होती हैं।

**'जिस तरह पत्थरबाजी की गई वह बहुत दुखद है'** : भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने तुर्कमान गेट स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण हटाने और पत्थरबाजी की घटना पर कहा, जो अवैध तरीके से निर्माण किया गया है वह तो जमींदोज होगा ही लेकिन वहां पर जिस तरह पत्थरबाजी की गई वह बहुत दुखद है। दिल्ली में कहीं से भी यह स्वीकार्य नहीं है... ये दुर्भाग्यपूर्ण है और दिल्ली में इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती।

### 'मस्जिद के पास जितनी जमीन थी वो सुरक्षित है'



दिल्ली नगर निगम के डीसी विवेक अग्रवाल ने तुर्कमान गेट स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण पर बताया, ये मामला काफी समय से हाई कोर्ट में चल रहा था। हाई कोर्ट के आदेश के बाद इस पर कार्रवाई की गई है। यह लगभग 36,400 वर्ग फुट का क्षेत्र था। इसके आस-पास दो मंजिला दीवार थी जिस पर एक मंजिला ढांचा बना हुआ था। मस्जिद के पास जितनी जमीन थी वो सुरक्षित है। पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल उपलब्ध करवाया गया था। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी रात भर मौके पर मौजूद रहे... हमारी टीम को पूरी सुरक्षा दी गई। रात में पथराव की घटना हुई लेकिन पुलिस की पूरी तैयारी थी। इसमें 32 खउइ, 4 पोकलेन मशीन, न्यूमेटिक हैमर और कई ट्रकों का हमने इस्तेमाल किया। हमारी टीम के किसी सदस्य को कोई हानि नहीं हुई है।

### 'एमसीडी ने हाई कोर्ट के आदेश का पालन किया है'



दिल्ली के मेयर राजा इकबाल सिंह ने तुर्कमान गेट स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण हटाने पर कहा, एमसीडी ने हाई कोर्ट के आदेश का पालन किया है। रामलीला मैदान पर अवैध कब्जा था जहांबैंक्वेट हॉल चल रहा था उसे हटाया गया... जब सरकार जनता की भलाई की बात करती है, तो कुछ धार्मिक लोग जनता को गुमराह करने और अफवाहें फैलाने की कोशिश करते हैं, जिससे ऐसी घटनाएं (पत्थरबाजी) होती हैं।

पांच गिरफ्तारियां हुई है, 10-15 लोगों को हिरासत में लिया गया है। जो लोग अतिक्रमण विरोधी अभियान में बाधा उत्पन्न करेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**'वहां कई ऐसे इलाके हैं जहां अतिक्रमण बढ़ गया था' :** एनडीएमसी उपाध्यक्ष कुलजीत चहल ने तुर्कमान गेट स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण पर कहा कि वहां कई ऐसे इलाके हैं जहां अतिक्रमण बढ़ गया है और मैं टउऊऔर इसमें शामिल दूसरे विभागों को बधाई देता हूं, जिन्होंने अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। पत्थरबाजी की घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# दिल्ली शीतकालीन सत्र का तीसरा दिन, सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी तकरार, सदन स्थगित



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र का तीसरा दिन हंगामे की भेंट चढ़ गया। गुरू तेग बहादुर की बेअदबी पर सदन में सत्ता पक्ष का हंगामा देखने को मिला।

नेता प्रतिपक्ष आतिशी पर गंभीर आरोप लगाए गए, जिससे सदन में तनाव का माहौल बन गया। विधानसभा अध्यक्ष ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, एक घंटे के भीतर सदन में आकर अपनी स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया। सदन में सत्ता पक्ष के विधायकों ने जमकर नारेबाजी की और नेता प्रतिपक्ष आतिशी से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। विधानसभा अध्यक्ष ने बार-बार सत्ता पक्ष के विधायकों से शांत रहने और सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलने देने की अपील की, लेकिन हंगामा जारी रहा। लगातार बढ़ते हंगामे को देखते हुए, विधानसभा अध्यक्ष को बृहस्पतिवार 11:00 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी।

### गुरु तेग बहादुर की शहादत पर 5 लाख किताबें बांटी- रेखा गुप्ता

गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस पर बात करते हुए दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि हजारों लोग श्रद्धा के भाव अपनी आंखों में लिए लाल किले पर बैठे थे।

हर परिवार को यह देखकर अच्छा लग रहा था। मैं यह मानती हूं कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम गुरु साहब की शहादत को वर्तमान पीढ़ी को नमन कर पाए। मैं अपने शिक्षा मंत्री को भी धन्यवाद देती हूं, जिन्होंने 5 लाख किताबें बांटी।

**गुरू तेग बहादुर की बेअदबी पर सत्ता पक्ष का हंगामा देखने को मिला**

### 'हमें प्रदूषण पर चर्चा करनी है' आतिशी के बयान पर बवाल



**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा का दूसरा दिन भी हंगामे के साथ बीता। आवारा कुत्तों के मुद्दे पर विधायकों ने जमकर नारेबाजी की। इस हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही को पहले आधे घंटे के लिए और फिर दोपहर 1 बजे तक के लिए स्थगित करना पड़ा। सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही आवारा कुत्तों के मुद्दे पर हंगामा शुरू हो गया। विधायकों ने सदन में जोरदार नारेबाजी की। इस हंगामे को देखते हुए विधानसभा स्पीकर ने कार्यवाही को आधे घंटे के लिए रोक दिया। जब कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो हंगामा फिर से तेज हो गया।

इस बार भी विधायक अपनी मांगों पर अड़े रहे। आखिरकार, विधानसभा स्पीकर ने सदन की कार्यवाही को दोपहर 1 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। विपक्ष के हंगामे को देखते हुए सदन की कार्यवाही अब कल यानी बुधवार को सुबह 11 बजे शुरू होगी।

**'कुत्तों की गणना' पर भिड़े भाजपा और आप :** दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को सत्तारूढ़ भाजपा सदस्यों ने आम आदमी पार्टी के नेताओं से शिक्षकों को आवारा कुत्तों की गिनती में लगाने वाला 'झूठ' फैलाने के लिए माफी की मांग की।

# सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में शिक्षकों के लिए 'फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम' आयोजित

## एआर और वीआर तकनीक पर दिया गया जोर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आधुनिक युग में शिक्षा को तकनीक से जोड़ने की पहल के तहत सुंदर दीप वर्ल्ड स्कूल, गाजियाबाद में आज शिक्षकों के कौशल विकास हेतु एक विशेष 'फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम' (एफडीपी) का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ह्लशिक्षण में एआर (ऑगमेंटेड रियलिटी) और वीआर (वर्चुअल रियलिटी) तकनीक के लाभह्व से शिक्षकों को अवगत कराना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में गलगोटिया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन डीन (सीएसई-एआई विभाग), प्रोफेसर डॉ. एन. के. तेवतिया उपस्थित रहे। शिक्षकों को संबोधित करते हुए डॉ. तेवतिया ने कहा कि आधुनिक तकनीक के प्रयोग से कठिन और जटिल विषयों को भी सरल व रुचिकर बनाया जा सकता है। उन्होंने कक्षा में वर्चुअल रियलिटी (वीआर) के उपयोग पर जोर देते हुए बताया कि यह छात्रों के सीखने के अनुभव को और अधिक प्रभावी और जीवंत बनाती है।

स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती सपना अहलावत ने अपने संबोधन में कहा, आज के समय में शिक्षा के क्षेत्र में तकनीक का समावेश बेहद अनिवार्य है। हमारे शिक्षक जितनी बेहतर तकनीक से लैस होंगे, उतनी ही गुणवत्तापूर्ण और विश्वस्तरीय शिक्षा हम अपने विद्यार्थियों को प्रदान कर पाएंगे। इस अवसर पर एडमिशन डायरेक्टर श्री अखिलेश वर्मा ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि सुंदर दीप वर्ल्ड स्कूल हमेशा से ही नवीनतम शिक्षा पद्धतियों को अपनाने में अग्रणी रहा है। इस तरह के आयोजनों से शिक्षकों को भविष्य की शैक्षणिक चुनौतियों के लिए तैयार होने में काफी मदद मिलती है। कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षकों ने इस तकनीक को भविष्य में कक्षाओं में लागू करने के प्रति उत्साह व्यक्त किया।



### ठंड और घने कोहरे का कहर... नोएडा-गाजियाबाद से जालौर-आगरमालवा तक 10 जनवरी तक स्कूल बंद

नोएडा। घने कोहरे और कड़ाके की ठंड को देखते हुए उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान के कई जिलों में स्कूलों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। नोएडा, गाजियाबाद, आगर मालवा और जालौर में प्रशासन ने बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 10 जनवरी तक कक्षा 8वीं तक के स्कूलों में छुट्टी का ऐलान किया है। उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर यानी नोएडा में प्रशासन ने नर्सरी से लेकर कक्षा 8 तक के सभी स्कूलों को 10 जनवरी तक बंद रखने का आदेश जारी किया है। अधिकारियों के मुताबिक घने कोहरे और अत्यधिक ठंड के कारण यह फैसला लिया गया है। आदेश के अनुसार सीबीएसई, आईसीएसई और यूपी बोर्ड से संबद्ध सभी सरकारी और निजी स्कूल इस दायरे में आएंगे। जिला प्रशासन ने स्कूल प्रबंधन को आदेश का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। इसी तरह गाजियाबाद में भी ठंड के चलते कक्षा 8 तक के सभी स्कूलों को 10 जनवरी तक पूरी तरह बंद रखने का आदेश दिया गया है। जिला अधिकारी गाजियाबाद ने इसे लेकर आधिकारिक आदेश जारी किया है, ताकि बच्चों को ठंड और कोहरे से होने वाली परेशानियों से बचाया जा सके।

# अंकिता भंडारी हत्याकांड... विवादित पोस्ट पर कमेंट करने वाले भी जांच के दायरे में



**देहरादून।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम की शिकायत पर डालनवाला थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद अंकिता भंडारी से संबंधित विवादित पोस्ट पर आपत्तिजनक कमेंट करने वाले भी जांच के दायरे में हैं। दरअसल, प्राथमिकी के जरिये गौतम ने आरोप लगाया है कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर अंकिता के नाम पर विवादित पोस्ट के जरिये उत्तराखंड में दंगे भड़काने और बीजेपी को बदनाम करने की साजिश रची गई है।

इस आरोप पर पुलिस डिजिटल साक्ष्य जमा करने में जुट गई है। सबसे पहले उन लोगों को जांच के दायरे में रखा गया है जिन्होंने अंकिता से संबंधित उर्मिला व अन्य पोस्ट को शेयर करके विवादित कमेंट किए हैं। पुलिस जांच करेगी कि उन लोगों की पोस्ट और कमेंट करने के पीछे क्या मंशा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भाजपा नेता दुष्यंत गौतम के आरोपों की पुष्टि के लिए ठोस साक्ष्य जुटाने के निर्देश दिए हैं। निर्देश में कहा गया है कि शांति व्यवस्था बिगाड़ने या किसी दल या व्यक्ति विशेष की छवि खराब करने की कोशिशों की गहनता से जांच की जाए।

सूत्रों के अनुसार, मामले के जांच अधिकारी प्राथमिक चरण में सभी संबंधित सोशल मीडिया हैंडल और पोस्ट की जांच कर रहे हैं। पुलिस का मुख्य ध्यान उन साक्ष्य को सुरक्षित करने पर है जो प्राथमिकी में दर्ज आरोपों से सीधे तौर पर जुड़े हैं।

# बदरीनाथ धाम में कड़ाके की ठंड

## मास्टर प्लान के कार्यों को मार्च तक के लिए रोका गया

**जोशीमठ (चमोली)।** कड़ाके की ठंड के कारण बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के कार्यों को रोक दिया गया है। कार्यदायी संस्था के मजदूर धाम से लौटने लगे हैं। अब मार्च माह में ठंड कम होने के बाद ही कार्य शुरू किए जाएंगे। बदरीनाथ धाम में कपाट बंद होने के बाद मास्टर प्लान के कार्य जारी थे। इस बार बर्फबारी नहीं होने पर करना मुश्किल होता जा रहा है। रात में वहां तापमान माइनस आठ से 10 डिग्री तक पहुंच रहा है।

पिछले कुछ दिनों से लगातार बादल छाए रहने से दोपहर में भी ठंड बढ़ गई है। इसे देखते हुए कार्यदायी संस्था ने धाम में मास्टर प्लान के कार्यों को रोक दिया है। वहां से सभी मजदूर लौटने लगे हैं।



कार्यदायी संस्था लगातार काम में जुटी रही।

ठंड के कारण बाहरी क्षेत्रों में होने वाले सीमेंट के कार्य पहले ही बंद कर दिए गए थे। करीब 50 मजदूर धाम में रहकर रीवर फ्रंट, भवन निर्माण सहित अन्य कार्यों में जुटे हुए थे लेकिन लगातार तापमान गिरने से धाम में कार्य

वहीं ज्योतिर्मठ पीआईयू के अधिशासी अभियंता योगेश मनराल का कहना है कि बदरीनाथ धाम में ठंड बढ़ गई है जिससे कार्य करना संभव नहीं हो पा रहा है। मार्च तक कार्य बंद कर दिया गया है। मार्च के बाद धाम की स्थिति को देखकर निर्णय लिया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 26 नक्सलियों का सरेंडर




**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 26 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। सरेंडर करने वाले माओवादियों में 13 पर कुल 65 लाख रुपये का इनाम था। सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि इन कैडरों में सात महिलाएं भी शामिल हैं, जिन्होंने ₹पूना मार्गेम₹ पहल के तहत आत्मसमर्पण किया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ये लोग माओवादियों की पीपल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी बटालियन, दक्षिण बस्तर डिवीजन, माड़ डिवीजन और आंध्र ओडिशा सीमा डिवीजन में सक्रिय थे और अबूझमाड़, छत्तीसगढ़ के सुकमा और ओडिशा के सीमावर्ती इलाकों में कई घटनाओं में शामिल थे। ये माओवादी राज्य सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति से प्रभावित थे जिसके तहत आत्मसमर्पण किया है।

लाली उर्फ मुचाकी आयते लखमू (35), जो एक कंपनी पार्टी समिति की सदस्य थी इस पर 10 लाख रुपये का इनाम था। मुचाकी हिंसा की कई बड़ी घटनाओं में शामिल थी, जिसमें 2017 में कोरापुट रोड (ओडिशा) पर एक वाहन को निशाना बनाकर क्एऊ विस्फोट करना भी शामिल है, जिसमें 14 सुरक्षाकर्मियों की मौत हुई थी। चार अन्य प्रमुख कैडर - हेमला लखमा (41), अस्मिता उर्फ कमलू सन्नी (20), रामबती उर्फ पदम जोगी (21) और सुंदरम पाले (20)।

# ठंड से कांपा हिमाचल

## नौ स्थानों पर पारा माइनस में

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शीतलहर का असर लगातार बना हुआ है। राज्य में नौ स्थानों पर रात का पारा माइनस में दर्ज किया गया है। जबकि दो जगह शून्य में दर्ज किया गया। पहाड़ी भागों से लेकर मैदानी क्षेत्रों तक ठिठुरन बढ़ गई है। राज्य के सभी स्थानों पर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम चल रहा है। बीते पूरे प्रदेश में 13 जनवरी तक मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है। बिलासपुर, ऊना, मंडी, हमीरपुर, कांगड़ा, सोलन व सिरमौर के कुछ क्षेत्रों में 11 जनवरी तक सुबह और शाम के समय घना कोहरा छाए रहने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

वहीं कुछ स्थानों पर 7 व 8 जनवरी



दिन रोहतांग, सोलंगनाला और पांगी में हुई बर्फबारी से जनजातीय क्षेत्रों में शीतलहर और बढ़ गई है। वहीं बिलासपुर में घना, पांवटा साहिब मध्यम व ऊना में हल्का कोहरा छाया रहा। आज राजधानी शिमला सहित अन्य भागों में धूप खिली हुई है।

**13 जनवरी तक ऐसा रहेगा मौसम :** मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार को शीतलहर का येलो अलर्ट है। उधर, रावी नदी का जलस्तर घटने से होली में दो विद्युत परियोजनाओं में बिजली उत्पादन बंद हो गया है। विभाग के अनुसार अगले 48 घंटों में न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। इसके बाद अगले 3-4 दिनों में धीरे-धीरे लगभग 2-4 डिग्री सेल्सियस बढ़ने की संभावना है।

दैनिक **करंट क्राइम**

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...







# भाजपा की युवा राजनीति के इन चेहरों को मिलेगी नई टीम में कितनी जिम्मेदारी

## लंबे समय से कर रहे हैं मेहनत और निभाते हैं हर आयाम में अपनी भागीदारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में ये कहा जाता है कि दल कोई भी हो लेकिन बल उसमें युवाओं का ही रहता है। देश के निर्माण में युवा शक्ति का इतना अहम योगदान रहता है कि नवमतदाताओं की संख्या पर पूरी राजनीति का ध्यान रहता है। युवा शक्ति जिस ओर चलती है राजनीति की धारा उस ओर मुड़ जाती है। राजनीति में मजबूती के दो ही छोर बताये गये हैं। राजनीति में वही दल मजबूत होता है जिसका बूथ मजबूत होता है और जिसका यूथ मजबूत होता है। इसी लिए राजनीति में कोई भी विचारधारा हो लेकिन वहां यूथ का एक अलग विंग होता है, एक अलग प्रकोष्ठ होता है और एक अलग मोर्चा होता है। चुनाव की तैयारी में ये नारा आम है कि एक बूथ 20 यूथ यानी यूथ अगर है तो बूथ अपने आप मजबूत होगा। मगर सवाल ये है कि जो यूथ पार्टी के बूथ को मजबूत कर रहा है, उस यूथ को आखिर कौन मजबूत करेगा। वो यूथ अपना सियासी वजूद कैसे बनायेंगे। इन युवाओं को कौन मौका देगा। युवा राजनीति के इस



चैप्टर में आज बात भाजपा की युवा राजनीति के चेहरों की होगी। भाजपा के ये युवा चेहरे एक लंबे समय से नारे लगा रहे हैं। ये युवा देवतुल्य हर आयाम में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। ये युवा चेहरे एक लंबे समय से अपनी बारी का भी इंतजार कर रहे हैं। अब जब भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष नए आ गये हैं। प्रदेश अध्यक्ष नए आ गये हैं तो अब ये सवाल भी है कि राष्ट्र से लेकर प्रदेश तक ताजपोशी परिवर्तन के बाद भाजपा के गाजियाबाद के युवा नेताओं की पोलिटिक्ल तकदीर पर इसका कितना असर आयेगा। अब जब क्षेत्र की टीम का गठन होना है, प्रदेश की टीम का गठन होना है और महानगर से लेकर जिले की टीम का गठन होना है तो इसमें युवाओं का कितना मौका मिलेगा। जो युवा चेहरे एक लंबे समय से देवतुल्य भाव से काम कर रहे हैं उन पर सरकारी कृपा कितनी होगी। किस युवा को मजबूती मिलेगी। आज बात गाजियाबाद के जिला और महानगर के युवा चेहरों की होगी। इन सभी नामों ने भाजपा की राजनीति में पसीना बहाया है। यहां कई नाम हैं जिनमें प्रदीप जादौन, हिमांशु शर्मा, भीम शर्मा, रॉबिन सांगवान, प्रदीप सिसौदिया, संजीव चौधरी, युगांग यादव, बब्बल यादव, करण शर्मा, सौरभ चतुर्वेदी सहित एक लंबी फेहरिस्त है जो भाजपा की राजनीति का झंडा लंबे समय से उठा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि जिन चेहरों की चर्चा इस खबर में हुई है वही डिजर्व करते हों। ऐसे भी कई चेहरे होंगे जो खबर में समायोजित नहीं हो पाए हों। खबर का उद्देश्य यूथ राजनीति को धार देने पर आधारित है।

### यूथ मोर्चा के मौजूदा कप्तान सचिन डेढ़ा को मिलेगा क्या दायित्व



करंट क्राइम। युवा मोर्चा की बात करें तो भाजपा के युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष का ताज सचिन डेढ़ा के सिर पर है। सचिन डेढ़ा ऊर्जावान युवा हैं और उनकी राजनीति का अपना स्टाईल है। शांत भाव से काम करते हैं और पार्टी प्रोटोकॉल की लाईन का उल्लंघन नहीं करते। फिलहाल युवा मोर्चा की पारी खेल रहे हैं लेकिन अब जब परिवर्तन का दौर है तो इस चेहरे को क्या दायित्व मिलेगा। इस पर सभी की निगाहे हैं।

### युवा नितिन मावी पर होगी संगठन की कितनी मेहरबानी



करंट क्राइम। जिले की यूथ राजनीति की बात करें तो यहां लोनी के युवा चेहरे नितिन मावी ने सबको प्रभावित किया है। सक्रिय राजनीति का चेहरा हैं और सबसे खास बात ये है कि अनुशासन के दायरे में रहकर पूरी ऊर्जा के साथ काम करते हैं। विगत दिनों पार्टी के सदस्यता अभियान में एक सम्मानजनक स्कोर हासिल किया और सभी का ध्यान आकृष्ट किया। पार्टी के जो भी आयाम आते हैं उनमें पूरी तन्मयता और समर्पण भाव से काम करते हैं। राजनीतिक पृष्ठभूमि का युवा चेहरा हैं। बेहद मजबूती से खुद को स्थापित किया है। अब यही देखना है कि राष्ट्र से लेकर प्रदेश और क्षेत्र की नजर इस चेहरे पर कब पड़ती है।

### सुनील निठौरा के नाम पर होगा किस स्तर पर मंथन



करंट क्राइम। युवा राजनीति की बात करें तो सुनील निठौरा भाजपा के युवा नेता हैं। भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रहे हैं। उनके पिता करतार सिंह निठौरा भी भाजपा की राजनीति का बड़ा चेहरा हैं चुनाव लड़ चुके हैं। सुनील निठौरा शांत सौम्य व्यवहार के साथ राजनीति करते हैं। जब युवा चेहरों के समायोजन की बात हाईकमान में चलेगी तो इस चेहरे पर भी जरूर विचार होगा।

### धीरज शर्मा को मिलेगा नए संगठन में कौन सा दायित्व



करंट क्राइम। भाजपा की युवा राजनीति की बात करें तो यहां धीरज शर्मा का नाम आता है। मौजूदा समय में वर्तमान संगठन में मंत्री पद है। धीरज शर्मा पेशे से शिक्षक हैं और पार्टी के कई आयाम ऐसे हैं जो धीरज शर्मा ने पूरे किये हैं। सक्रिय कार्यकर्ता हैं और आंदोलन वाले काल के नेता रहे हैं। बीते दिनों थाना विवाद से ये चेहरा साईलेंट मोड पर है। नए संगठन में कोई नया दायित्व मिलता है या फिर कोई सरकारी कृपा होती है ये देखने की बात है।

### क्रान्तिकारी चेहरे के रूप में गौरव चोपड़ा की है अपनी पहचान



करंट क्राइम। गौरव चौपड़ा भाजपा की युवा राजनीति का चेहरा हैं। भाजपा युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष रहे हैं। क्रान्तिकारी नेता के रूप में उनकी पहचान है। बताते हैं कि उनका नाम संजीव शर्मा वाली टीम के लिए भी लगभग तय हो गया था। लेकिन लखनऊ से हुए इशारे के बाद इस नाम के लिए किनारा हो गया। फिलहाल इन दिनों मयंक गोयल के साथ गौरव चौपड़ा शोल्डर टू शोल्डर काम कर रहे हैं। उनके नाम का क्या फोल्डर पार्टी में में है, ये पता चलेगा। मेहनती, ऊर्जावान कार्यकर्ता हैं।

### कुंजन पंडित के नाम पर होना ही चाहिए गंभीर विचार



करंट क्राइम। कुंजन पंडित एक ऐसा नाम हैं जो भाजपा की राजनीति में अपनी एक अलग पहचान रखता है। कार्यकर्ता भाव के साथ हमेशा काम करते हैं और समर्पण किसे कहते हैं ये कुंजन पंडित से सीखा जा सकता है। देवतुल्य की परिभाषा पर फिट बैठते हैं। इस ऊर्जावान चेहरे पर पार्टी की निगाह कब पड़ेगी ये देखने की बात है।

### मनु लव दिखा चुके हैं अपने व्यवहार का सियासी जलवा



करंट क्राइम। मनु वशिष्ठ लव महानगर की युवा राजनीति का एक ऐसा चेहरा हैं जिन्हें इग्नोर नहीं किया जा सकता। संघ परिवार से आते हैं और भाजपाई पृष्ठभूमि हैं। ओज रस के सुप्रसिद्ध कवि स्वर्गीय कृष्ण मित्र जी के पौत्र हैं। पूर्व पार्षद हिमांशु लव के सुपुत्र हैं। निर्दलीय चुनाव लड़े थे और अपने व्यवहार की ताकत का जलवा ईवीएम पर दिखा दिया था। मजबूत टीम है और युवा राजनीति का मजबूत नाम माना जाता है।

### आंदोलन से लेकर सरकार तक भाजपा का चेहरा हैं दिवाकर सिंघल



करंट क्राइम। दिवाकर सिंघल फिलहाल साईलेंट मोड पर हैं लेकिन एक कार्यकर्ता के रूप में वो हमेशा एक्टिव हैं। संजीव शर्मा की टीम में महानगर मंत्री रहे हैं। जब पार्टी सत्ता में नहीं थी तब के आंदोलन से लेकर सत्ता के हर चुनाव में दिवाकर सिंघल का चेहरा दिखाई देगा। युवा मोर्चा अध्यक्ष पद की दौड़ में रहे हैं। इस समर्पित ऊर्जावान चेहरे पर कितनी मेहरबानी होगी ये देखने की बात है।

### सिद्धार्थ युगल जैसे यूथ को कहां मिलेगी मजबूती



करंट क्राइम। युवा राजनीति में सिद्धार्थ युगल एक ऐसा नाम हैं जिनके पास ऊर्जा, समर्पण और अनुभव सबकुछ है। वो भाजपा युवा मोर्चा की क्षेत्रीय टीम में हैं। उच्च शिक्षित प्रोफाईल के नेता हैं और जहां पार्टी का आयाम हैं वहां सिद्धार्थ युगल की भागीदारी है। अब यही देखना है कि पार्टी इस मजबूत यूथ को कहां मजबूती प्रदान करती है।

### निशांत गुप्ता क्या करेंगे वापसी यूथ राजनीति में



करंट क्राइम। निशांत गुप्ता भाजपा के कार्यकर्ता वाले प्रोफाईल से आते हैं। वो यूथ मोर्चा में गौरव चौपड़ा वाली टीम में महामंत्री रह चुके हैं। लेकिन एक लंबे समय से वो साईलेंट मोड में हैं। अब जब रिशफलिंग का दौर आया है तो इस चेहरे को कहां स्थान मिलेगा ये देखने की बात है। पार्टी के मूल कार्यकर्ता है और मेहनती कार्यकर्ता के रूप में पहचान है।

### अंकुश अरोड़ा पर कब होगी भगवा नेतृत्व की कृपा



करंट क्राइम। अंकुश अरोड़ा वर्ष 2012 में वो भाजपा की टीम में आये। सबसे पहले उन्हें यूथ मोर्चा में मंडल उपाध्यक्ष बनाया गया। वो भाजपा युवा मोर्चा की टीम में अजय त्यागी के साथ रहे। इसके बाद वो भाजपा की युवा मोर्चा की महानगर टीम के मीडिया प्रभारी रहे। हमेशा एक कार्यकर्ता के रूप में काम करते हैं। पार्टी के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं और सक्रिय कार्यकर्ता हैं। एक लंबे समय से वो टीम में समायोजन या सरकारी कृपा का इंतजार कर रहे हैं।

### यूथ राजनीति की पहचान मोनू त्यागी का नाम



करंट क्राइम। युवा राजनीति का अपना एक तापमान होता है। ये युवा राजनीति है और इसमें नेता अपनी स्पीड से गतिमान होता है। युवा राजनीति की बात करें तो मोनू त्यागी का नाम यहां यूथ राजनीति की एक पहचान है। भाजपा युवा मोर्चा की टीम में महानगर उपाध्यक्ष रहे हैं। क्रान्तिकारी नेता हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि पार्टी के प्रति बेहद समर्पित माने जाते हैं।

**राजनीति में ये कहा जाता है कि दल कोई भी हो लेकिन बल उसमें युवाओं का ही रहता है।**

### मोहित अरोड़ा को करेगी पार्टी कहां समायोजित



करंट क्राइम। शांत स्वभाव और देवतुल्य भाव से काम की पहचान मोहित अरोड़ा के नाम से है। कभी किसी विवाद में नहीं रहते और हमेशा कार्यकर्ता भाव से काम करते हैं। भाजपा के व्यवसायिक प्रकोष्ठ में महानगर संयोजक का पद है। हमेशा चेहरे पर मुस्कान और विनम्रता के भाव के साथ अपनी पहचान बनाई है। इस नाम को पार्टी कहां सम्मान देगी ये भी देखने की बात है।

### पुराने कार्यकर्ता के रूप में अजय चौधरी को है इंतजार



करंट क्राइम। अजय चौधरी भाजपा की युवा राजनीति का पुराना चेहरा हैं। पार्टी का झंडा उठाया है और हर आंदोलन में ये चेहरा साथ रहा है। लंबे समय में हाशिये पर हैं और अपनी बारी का इंतजार कर रहे है। स्पष्ट वक्ता है और कई बार सोशल मीडिया पर इनका क्रान्तिकारी अंदाज दिखता है लेकिन ये वो चेहरा है जो भाजपा की युवा राजनीति का मजबूत चेहरा कहा जा सकता है।

### उच्च शिक्षित और सौम्य चेहरे के रूप में है राहुल गोयल की पहचान



करंट क्राइम। राहुल गोयल भाजपा की राजनीति का एक ऐसा युवा चेहरा हैं जिनके पारिवारिक बैकगाउंड ही भाजपाई है। भाजपा के संस्कारों की घुट्टी बचपन से मिली। राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल के करीबी माने जाते है। रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य हैं। मंडल में दायित्व रहा है और उच्च शिक्षित हैं। फिलहाल अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।

### भगवा राजनीति का मजबूत युवा चेहरा हैं रॉबिन तोमर



करंट क्राइम। भाजपा की राजनीति के युवा मजबूत चेहरों में रॉबिन तोमर का नाम आता है। गैर विवादित चेहरा हैं और भाजपा की युवा राजनीति की क्षेत्रीय टीम में लगातार दूसरी बार उपाध्यक्ष हैं। समर्पित कार्यकर्ता हैं और पार्टी के हर आयाम में पूरी मेहनत के साथ दिखते हैं। इस गैर विवादित चेहरे को पार्टी कहां स्थान देती है ये अब देखा जायेगा।

### राम त्यागी के नाम पर होगा भगवा संगठन में कितना विचार



करंट क्राइम। भाजपा के युवा चेहरों में राम त्यागी का नाम भी चर्चा में आता है। भाजपा की युवा मोर्चा टीम से जुड़े रहे हैं। इन दिनों महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के साथ पूरी ताकत से लगे हैं। एक्टिव चेहरा हैं और अब उनका क्या रोल रहेगा ये एक बड़ा सवाल है।

### एबीवीपी की राजनीति का चेहरा हैं गर्व त्यागी



करंट क्राइम। गर्व त्यागी ने भाजपा की युवा राजनीति में अपनी एक पहचान बनाई है। वो मूल रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राजनीति का चेहरा हैं। भाजपा की राजनीति उन्हें विरासत में मिली है। उनके पिता अमित त्यागी भाजपा पार्षद हैं। गर्व त्यागी राजनीतिक रूप से सक्रिय हैं और सबसे बड़ी खूबी ये है कि वो हमेशा राजनीति में हमेशा एक्टिविटी और कनैक्टिविटी दोनों का शानदार समायोजन बनाकर चलते हैं।



### जग्गी सिंह केवट की सियासी नैय्या का कब होगा उद्धार



करंट क्राइम। जग्गी सिंह भाजपा की यूथ राजनीति का युवा चेहरा है। हमेशा एक्टिव रहते हैं और सक्रिय कार्यकर्ता हैं। भाजपा के हर आयाम में उनकी भागीदारी रहती है। सियासी पृष्ठ भूमि से आते हैं और अब यही देखना है कि भाजपा के युवा राजनीति के चेहरे जग्गी सिंह केवट की नैय्या का उद्धार कब होता है।

### यूथ राजनीति की भगवा टीम का चेहरा हैं मनीष चौधरी



करंट क्राइम। भाजपा की युवा राजनीति की बात करें तो मनीष चौधरी का नाम आता है। राजनगर एक्सटेंशनसे आते हैं। उन्होंने वार्ड का टिकट भी मांगा था। मीनष चौधरी भाजपा की युवा राजनीति के समर्पित चेहरों में गिने जाते हैं। अब देखना ये है कि किस टीम में उनका समायोजन होगा।

### संदीप त्यागी से दूर होगा क्या इग्नोरेंस का साया



करंट क्राइम। भाजपा की युवा राजनीति के चेहरों में संदीप त्यागी का नाम सक्रिय नेताओं में आता है। संदीप त्यागी भाजपा के युवा राजनीति की राष्ट्रीय टीम का चेहरा रह चुके हैं। सभी आयामों में सक्रिय रहते हैं। वो पार्टी की मीटिंगों के संयोजक रहे हैं। तकनीक का माहिर माना जाता है। व्यवहार में सौम्यता है लेकिन इन दिनों इन पर इग्नोरेंस का संकट है। काबिल नेता हैं और देखने की बात है कि क्या अब नेतृत्व परिवर्तन के बाद संदीप त्यागी से इग्नोरेंस का साया दूर होगा।

### मधुकर त्यागी के नाम पर होगा कितना विचार



करंट क्राइम। भाजपा की युवा राजनीति का चेहरा मधुकर त्यागी हैं। भाजपा के लिए हमेशा अपने बैंकट हॉल के द्वार खोलते हैं। सक्रिय राजनीति करते हैं। मिलनसार स्वभाव है और अब जब परिवर्तन का दौर चल रहा है तो मधुकर त्यागी के नाम पर विचार होना चाहिए।

### गौरव गर्ग को मिलेगा क्या परिवर्तन के बाद मौका



करंट क्राइम। गौरव गर्ग भाजपा की राजनीति का मिलनसार चेहरा हैं। टिकट की दावेदारी में रहे हैं और व्यापार मंडल से भी जुड़कर चलते हैं। फिलहाल राजनीति के सीन से साईलेंट चल रहे हैं। अब जब हाई लेवल पर परिवर्तन हुआ है तो परिवर्तन के बाद गौरव गर्ग को कितना मौका मिलेगा ये देखने की बात है।

### परिवर्तन का कितना सकारात्मक लाभ मिलेगा आशीष चौधरी को



करंट क्राइम। भाजपा की युवा राजनीति में अपनी मेहनत से आशीष चौधरी ने अपनी पहचान बनाई है। हालांकि भाजपा की सियासत उन्हें काफी लाभ दे रही है। वो भाजपा युवा मोर्चा की टीम में महानगर उपाध्यक्ष रहे हैं। उनके पिता निगम पार्षद रहे हैं और उनकी पत्नी फिलहाल निगम पार्षद हैं। निगम से लेकर युवा मोर्चा तक भागीदारी है। अब परिवर्तन का कितना सकारात्मक असर आशीष चौधरी पर आयेगा ये देखने की बात है।

### संदीप चौधरी के लिए क्या रहेगा परिवर्तन का संदेश



करंट क्राइम। संदीप चौधरी भाजपा युवा मोर्चा में महामंत्री हैं। युवा मोर्चा के अध्यक्ष पद की दावेदारी में ये नाम है। उनकी सियासी पृष्ठभूमि मजबूत बताई जाती है। उनके पास एक मजबूत टीम है। परिवर्तन के बाद अध्यक्ष वाला सपना कितना सच होगा ये देखने की बात है।

### यूथ राजनीति का महिला चेहरा हैं काजल त्यागी



करंट क्राइम। भाजपा की युवा राजनीति का एक मजबूत चेहरा काजल त्यागी को माना जाता है। क्षेत्रीय युवा टीम में उनके पास दायित्व रहा है। पार्टी की समर्पित कार्यकर्ताओं में गिनती होती है। पार्टी अब उन्हें कहां समायोजित करती है ये देखने की बात है।

### मनोज यादव को मिलेगा क्या महानगर या क्षेत्र में स्थान



करंट क्राइम। मनोज यादव भाजपा के ओबीसी मोर्चा के महानगर अध्यक्ष रहे हैं। एक मजबूत टीम उनके पास है और खुद हमेशा पार्टी कार्यकर्ता के रूप में काम करते हैं। संभावित महानगर टीम का नाम माना जाता है और पार्टी कितना इस नाम पर फोकस करेगी ये देखने की बात है।

### युवा मोर्चा की राजनीति के चेहरे हैं राहुल गिरी



करंट क्राइम। राहुल गिरी भाजपा की युवा राजनीति का एक सक्रिय फेस माना जाता है। वो भाजपा युवा मोर्चा की महानगर वाली टीम में पदाधिकारी रह चुके हैं। फिलहाल ये चेहरा अपनी बारी का इंतजार कर रहा है। कितना मौका मिलेगा ये भविष्य के गर्भ में छिपा है।

### संदीप चौरसिया के नाम पर करेगी पार्टी क्या मंथन



करंट क्राइम। संदीप चौरसिया भाजपा की युवा राजनीति का चेहरा हैं। हमेशा एक्टिव रहते हैं और पार्टी के प्रति समर्पित रहते हैं। लेकिन फिलहाल ये चेहरा हाशिये पर माना जाता है। अब जब देश और प्रदेश में पूरी तहर से ओवर हॉलिंग हो रही है तो यही देखना है कि पार्टी इस नाम पर कितना मंथन करेगी।

### महेन्द्र यादव माही को मिलेगा यूथ पोलिटिक्स में कहां पर मौका



करंट क्राइम। महेन्द्र यादव माही भाजपा की यूथ राजनीति का मजबूत चेहरा हैं। एक समय वो पूरी तरह से सक्रिय मोड में थे। लेकिन इन दिनों कुछ साईलेंट हैं मगर पार्टी के हर कार्यक्रम में एक्टिव हैं। वो भाजपा की युवा राजनीति की क्षेत्रीय टीम का चेहरा हैं। उनके पास पद रहा है। बेहद व्यवहारिक हैं, मिलनसार हैं। पार्टी इस चेहरे को कहां मौका देती है ये देखने की बात है।

## संपादकीय

# ड्राफ्ट वोटर लिस्ट विवाद

यूपी में स्पेशल इंटेशिव रिविजन (एसआईआर) का ड्राफ्ट रोल जारी हो गया है, जिसमें 2.89 करोड़ नाम काटे गए हैं। चुनाव आयोग ने नामों को काटने की वजहें बताई हैं, लेकिन लोगों को दावे-आपत्तियों के लिए सरल प्रक्रिया की आवश्यकता है। बिहार में SIR को अंजाम दिया गया था। वहां जारी शुरूआती लिस्ट में 65 लाख नाम कटे थे। कई राजनीतिक विवाद और तारीखें बढ़ने के बाद आखिरकार यूपी में स्पेशल इंटेशिव रिविजन (एसआईआर) का ड्राफ्ट रोल जारी हो गया। चुनाव आयोग ने बताया है कि पहले चरण के बाद 2.89 करोड़ नाम काटे गए हैं इसका अंदाजा पहले से ही था। अभी तक जिन 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ड्राफ्ट लिस्ट आई है, वहां कुल मिलाकर 3.69 करोड़ नाम कटे हैं। ड्राफ्ट लिस्ट फाइनल नहीं होती। लोगों के पास दावे और आपत्तियों के लिए अब भी मौका है, लेकिन यह प्रक्रिया सरल और आम नागरिकों की सुविधा का ख्याल रखने वाली होनी चाहिए। बिहार का उदाहरण। पहले चरण में 2.89 करोड़ नाम कटे : बिहार में SIR को अंजाम दिया गया था। वहां जारी शुरूआती लिस्ट में 65 लाख नाम कटे थे, जिसे लेकर काफी हंगामा मचा था। जब लिस्ट रिवाइज की गई, तो 17.9 लाख वोटर्स और बढ़ गए। ऐसा ही बदलाव यूपी और उन राज्यों में भी देखने को मिल सकता है, जहां आपत्तियां ली जा रही है या अब ली जाएंगी। बंगाल में विवाद। चुनाव से जुड़ी जरूरी प्रक्रिया होने के बावजूद SIR को लेकर कई विवाद चलते रहे हैं। दुर्भाग्य से दूसरे चरण में जिन राज्यों में ड्राफ्ट रोल आ चुका है, वहां भी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहे। खासकर बंगाल में सबसे ज्यादा असंतोष है। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अब रक्क्रमें इस्तेमाल होने वाले सॉफ्टवेयर पर सवाल उठाए हैं। उनकी पार्टी TMC उन वोटर्स की मैपिंग में भी गड़बड़ी बता रही है, जिनके नाम लिस्ट में नहीं हैं।

लोगों की मदद चुनाव आयोग ने डेटा जारी कर बताया है कि इन नामों को किन-किन वजहों से काटा गया। यह स्पष्टीकरण अच्छी बात है, लेकिन जिनके नाम नहीं है, उन्हें उनके मताधिकार को हासिल करने के लिए हरसंभव मदद की जानी चाहिए। इसमें राजनीतिक दलों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे दावे-आपत्तियां दाखिल कराने, नाम चेक करने में आम लोगों की मदद करें। बिहार SIR से जुड़े मुद्दों पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों की निष्क्रियता पर हैरानी जताई थी और पूछा था कि पार्टी के स्थानीय कार्यकताओं व जनता के बीच इतनी दूरी क्यों है।

साझा जिम्मेदारी लगभग 21 साल पहले हुए SIR की यादें भी अब धुंधली है, क्योंकि तब इतना शोर नहीं मचा था। शायद इसकी वजह बदली राजनीतिक परिस्थितियां है। अब यह शोर चुनावी उत्सव पर भारी न पड़े, जनता का सिस्टम पर से भरोसा न कम हो - इसकी जिम्मेदारी चुनाव आयोग पर है।

# भू-राजनीतिक तनाव और टैरिफ आशंका से सेंसेक्स-निफ्टी लगातार तीसरे दिन गिरावट में बंद

**नई दिल्ली।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार को शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 102.20 अंक गिरकर 84,961.14 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 37.95 अंक गिरकर 26,140.75 अंक पर आ गया। भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिका द्वारा संभावित टैरिफ वृद्धि को लेकर नई चिंताओं के चलते बुधवार को शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लगातार तीसरे दिन नीचे गिर गए। इससे निवेशकों की भावना पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। विदेशी निधियों की निरंतर निकासी ने भी बाजारों को नीचे खींच लिया।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 102.20 अंक या 0.12 प्रतिशत गिरकर 84,961.14 अंक पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसमें 445.85 अंक या 0.52 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 84,617.49 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 37.95 अंक या 0.14 प्रतिशत गिरकर 26,140.75 पर बंद हुआ।



### ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 60.21 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड में 0.81 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 60.21 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बाजार विनिमय आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 107.63 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 1,749.35 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। मंगलवार को सेंसेक्स 376.28 अंक या 0.44 प्रतिशत गिरकर 85,063.34 पर बंद हुआ। निफ्टी 71.60 अंक या 0.27 प्रतिशत गिरकर 26,178.70 पर समाप्त हुआ।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से मारुति, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स और टाटा स्टील सबसे पिछड़ने वाली कंपनियों में शामिल थीं। वहीं, टाइटन, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, इंफोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लाभ कमाने वालों में शामिल थीं।

### क्या है विशेषज्ञों की राय?

ऑनलाइन ट्रेडिंग और वेल्थ टेक फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि भारतीय शेयर बाजार आज के सत्र में सुस्त और सतर्क रुख के साथ समाप्त हुए, निवेशकों ने घरेलू और वैश्विक संकेतों के बीच चयनात्मक दृष्टिकोण अपनाया। बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और टैरिफ संबंधी नई चिंताओं ने जोखिम लेने की प्रवृत्ति को सीमित रखा और आक्रामक निवेश को हतोत्साहित किया। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा कि 2026 की तीसरी तिमाही के नतीजों और अमेरिका के अहम रोजगार आंकड़ों से पहले जोखिम से बचने के संकेतों के चलते घरेलू बाजार का माहौल सतर्क बना हुआ है। तिमाही आधार पर कंपनियों के मुनाफे में सुधार की उम्मीद है, लेकिन वैश्विक व्यापार अनिश्चितता के बीच विदेशी निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं।

### यूरोपीय बाजारों में दिखी बढ़त

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक और शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक उच्च स्तर पर बंद हुए, जबकि जापान का निक्केई 225 सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक निचले स्तर पर बंद हुए। यूरोप के बाजारों में अधिकतर गिरावट देखी गई। अमेरिकी बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए।

वॉल स्ट्रीट पर हाल ही में हुई रिकॉर्ड तेजी से उत्पन्न हलचल कुछ हद तक शांत हुई, जबकि निवेशकों का ध्यान वैश्विक ब्याज दरों और वेनेजुएला में हो रहे घटनाक्रमों के कारण उत्पन्न अनिश्चितता पर केंद्रित हो गया। वॉल स्ट्रीट में व्यापक तेजी के बावजूद, जापान का निक्केई 225 1.1% गिरकर 51,961.98 पर बंद हुआ, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.6% बढ़कर 4,551.06 पर पहुंच गया। दोनों ने एक दिन पहले ही रिकॉर्ड स्तर बनाए थे।

## ट्रंप की दादागिरी

प्रस्तुति करंट क्राइम

**सिकंदर यादव**



अमेरिका के राष्ट्रपति खुद को शांति का दूत बताते हैं, और अपने लिए नोबेल पुरस्कार की मांग करते हैं, साथ ही वो दावा करते हैं कि दुनिया में युद्ध रुकवाने में उनकी भूमिका रहती है परंतु पिछले दिनों जिस प्रकार वेनेजुएला के राष्ट्रपति का अपहरण करके उन्हें जेल में डाला गया, उससे उनके मंसूबे सारी दुनिया के सामने एक्सपोज हो गए, इससे सिद्ध हो गया कि ट्रंप की सोच विस्तारवादी है, वो ताकत के बल पर देश की सीमाएं बदलकर अपना प्रभुत्व जमाना चाहते हैं, एक तरफ अमेरिका लोकतंत्र की व मानव अधिकार के बात उठाते, वहीं दूसरी ओर एक देश के राष्ट्रपति का अपहरण करके उस पर मुकदमा चलाते हैं, दो देशों में युद्ध होते हैं तो भी युद्धबंदियों के अधिकार अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत लागू होते हैं, लेकिन ट्रंप ने जिस प्रकार एक वर्तमान राष्ट्रपति व उनकी पत्नी के साथ एक साधारण कैदी जैसा व्यवहार किया वो कहीं भी यूनाइटेड नेशन के तहत सही नहीं है। उल्टा इससे तो ऐसा लगता है कि यूनाइटेड नेशन की उपयोगिता समाप्त हो चुकी है जिस तरह की मिसाल डोनाल्ड ट्रंप पेश कर रहे हैं इसका एक ही संदेश है जो ताकतवर है उसकी सभी बात सही है ये दुनिया को 500 वर्ष पीछे ले जाने वाला जंगल का कानून है, जहां पर ताकतवर का हर कदम सही ठहराया जाता है, सारी दुनिया को मिलकर, साथ ही अमेरिकी नागरिकों को भी इसका विरोध करना चाहिए क्योंकि यह निर्णय सबके लिए घातक होगा जो भी देश ताकतवर होगा वो दूसरे देश पर बलपूर्वक कब्जा कर लेगा, इससे दुनिया कबीलाई समय में पहुंच जाएगी जहां पर लोकतंत्र में मानव अधिकार की कोई कीमत नहीं रह जाएगी, ये दूसरा विषय है की मादुरो एक तानाशाह है, लेकिन उसे हटाने का अधिकार वेनेजुएला की जनता के पास है ना कि ट्रंप के पास, अतः विश्व कल्याण में तुरंत मादुरो को वेनेजुएला भेजा जाना चाहिए।




## रोचक तथ्यों का करंट



- 92% लोग सिर्फ हस देते हैं जब उन्हे सामने वाले की बात समझ नही आती।
- बतक अपने आधे दिमाग को सुला सकती हैं जबकि उनका आधा दिमाग जगा रहता।
- कोई भी अपने आप को सांस रोककर नही मार सकता।
- स्टडी के अनुसार : होशियार लोग ज्यादा तर अपने आप से बातें करते हैं।
- सुबह एक कप चाय की बजाए एक गिलास ठंडा पानी आपकी नींद जल्दी खोल देता है।
- जुराब पहन कर सोने वाले लोग रात को बहुत कम बार जागते हैं या बिल्कुल नही जागते।
- फेसबुक बनाने वाले मार्क जुकरबर्ग के पास कोई कालेज डिगरी नही है।
- आपका दिमाग एक भी चेहरा अपने आप नही बना सकता आप जो भी चेहरे सपनों में देखते हैं वो जिदंगी में कभी ना कभी आपके द्वारा देखे जा चुके होते हैं।
- अगर कोई आप की तरफ घूर रहा हो तो आप को खुद एहसास हो जाता है चाहे आप नींद में ही क्यों ना हो।

# जोमैटो-ब्लिंकिट की मूल कंपनी इटरनल को 3.69 करोड़ का जीएसटी नोटिस, अपील करेगी कंपनी




**नई दिल्ली।** जोमैटो और ब्लिंकिट की मूल कंपनी इटरनल को अप्रैल 2019-मार्च 2020 की अवधि के लिए 3.69 करोड़ रुपये का जीएसटी मांग आदेश मिला है। कंपनी ने कहा है कि उसका पक्ष मजबूत है और वह इस आदेश के खिलाफ अपील करेगी। इटरनल, जो जोमैटो और ब्लिंकइट की मूल कंपनी है, को वस्तु व सेवा कर (ज्ञ्ळ) से जुड़ा एक मांग आदेश मिला है। यह आदेश ब्याज और जुमार्ने सहित कुल 3,69,80,242 रुपये का है और यह अप्रैल 2019 से मार्च 2020 की अवधि से संबंधित है।

कंपनी ने मंगलवार देर शाम नियामक फाइलिंग में बताया कि यह आदेश पश्चिम बंगाल में राज्य कर (अपील) के अतिरिक्त आयुक्त द्वारा पारित किया गया है। यह मांग आउटपुट टैक्स के कथित कम भुगतान, उस पर लगने वाले ब्याज और जुमार्ने से जुड़ी है। इटरनल ने इस मामले में क्या कहा इटरनल के अनुसार, उसे 6 जनवरी 2026 को यह आदेश प्राप्त हुआ, जिसमें 1,92,43,792 रुपये के जीएसटी की पुष्टि की गई है। इसके साथ 1,58,12,070 रुपये का ब्याज और 19,24,380 रुपये का जुमार्ना भी शामिल है।

कंपनी ने कहा है कि उसका मानना है कि मामले के तथ्यों और कानूनी आधार पर उसका पक्ष मजबूत है। इटरनल ने स्पष्ट किया कि वह इस आदेश के खिलाफ संबंधित प्राधिकरण के समक्ष अपील दायर करेगी।

# 45 अरब डॉलर के आईपीओ शेयरों का लॉक-इन आने वाले महीनों में होगा खत्म



**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में हाल के आईपीओ से जुड़ा एक अहम चरण अब सामने आने वाला है।

नुवामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी से अप्रैल 2026 के बीच करीब 45 अरब डॉलर (लगभग 45 अरब डॉलर) मूल्य के क्ख्ड शेयरों का लॉक-इन पीरियड समाप्त होने जा रहा है। यह वह अवधि होती है, जिसमें लिस्टिंग से पहले के शेयरधारकों को अपने शेयर बेचने की अनुमति नहीं होती।

रिपोर्ट के अनुसार, 6 जनवरी 2026 से 30 अप्रैल 2026 के बीच कुल 96 कंपनियों में प्री-लिस्टिंग शेयरधारकों का लॉक-इन खत्म होगा। इस दौरान जिन शेयरों पर लॉक-इन खुलेगा, उनकी कुल वैल्यू करीब 45 अरब डॉलर आंकी गई है। हालांकि, नुवामा ने यह भी स्पष्ट किया है कि लॉक-इन खत्म होने का मतलब यह नहीं है कि ये सभी शेयर तुरंत बाजार में बिकने आ जाएंगे। इनमें से बड़ी हिस्सेदारी अब भी प्रमोटर्स और प्रमोटर ग्रुप की कंपनियों के पास है, जो आमतौर पर लंबी अवधि के निवेशक बने रहते हैं।

# रिलायंस ने रूस से तेल खरीद के दावे नकारे, जामनगर रिफाइनरी में तीन हफ्ते से कोई रूसी खेप नहीं



**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने रूस से तेल खरीदने के दावे को खारिज कर दिया है और बयान जारी कर कहा है कि बीते तीन हफ्ते से रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी में रूसी तेल की कोई खेप नहीं पहुंची है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के रूस से कच्चे तेल नहीं खरीदने से जनवरी में रूसी तेल का आयात कई वर्षों के निचले स्तर पर आ सकता है। रिलायंस ने कहा, उसे रूस से तेल की कोई भी खेप जनवरी में मिलने की उम्मीद नहीं है। रिलायंस का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रविवार को दी गई उस चेतावनी के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि रूस से तेल खरीदने के कारण अमेरिका भारत पर आयात शुल्क और बढ़ा सकता है। रिलायंस ने सोशल मीडिया पर कहा,

### रूसी कच्चे तेल का उपयोग बंद

20 नवंबर, 2025 को रिलायंस ने कहा था कि उसने यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों का अनुपालन करने के लिए गुजरात के जामनगर स्थित अपनी निर्यात आधारित रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल का उपयोग बंद कर दिया है। रिलायंस भारत में रूस से तेल खरीदने वाली सबसे बड़ी कंपनी थी। वह जामनगर के अपने तेल शोधन परिसर में कच्चे तेल को रिफाइंड करके पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों में परिवर्तित करती थी।

### तीन टैंकरों के जामनगर जाने का दावा खारिज

कंपनी ने मंगलवार को उस रिपोर्ट को पूरी तरह से असत्य बताया जिसमें दावा किया गया था कि रूसी तेल से लदे तीन जहाज रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी के लिए तैयार किए जा रहे हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि लगभग 22 लाख बैरल यूराल (रूसी कच्चे तेल का एक ग्रेड) से लदे कम से कम तीन टैंकर सिक्का बंदरगाह की ओर जा रहे थे।

## राशिफल

**मेष :** आर्थिक लाभ हो सकता है। सितारे साथ दे रहे हैं, इसलिए छोटी हो या बड़ी किसी भी अवधि की योजना बनाने में आपके प्रयास आज अच्छे परिणाम देंगे।

**वृष :** आज का दिन अच्छा रहेगा। उदार स्वभाव आपके लिए कई खुशी के पल लेकर आएगा। पड़ोसियों से सकारात्मक व्यवहार देखने को मिलेगा।

**मिथुन :** वाक्पटुता से अपने निर्धारित कार्य को करने में सक्षम होंगे। गणेश बौद्धिक चर्चा में न आने की सलाह देते हैं। खाने में कन्फेक्शनरी मिल जाती है।

**कर्क :** आपका संगठन आपको व्यापार के लिए विदेश भेजने की तैयारी कर रहा है। विदेश में किया गया व्यापार शुभ लाभ देगा। अवसर का भरपूर लाभ उठाएं।

**सिंह :** आज का दिन सरप्राइज लेकर आएगा। जिन प्रयासों को आपने व्यर्थ माना था, आज उनका फल भी आपको मिलेगा। ऑफिस में काम का बोझ बढ़ सकता है।

**कन्या :** आज प्रभावशाली लोगों का सहयोग उत्साह को दोगुना कर देगा। रिश्तेदारों के साथ अपने संबंधों को नवीनीकृत करने का दिन है। धन लाभ होगा।

**तुला :** नए काम के साथ ढेर सारी जिम्मेदारियां भी सामने आएंगी। संस्थान के किसी भी तकनीकी कार्य में प्रतिभा उजागर होगी।

**वृश्चिक :** ज्यादातर काम पूरे होंगे। परिवार के सभी सदस्यों के रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। छात्र व्यावसायिक शिक्षा के लिए शॉर्ट टर्म कोर्स में शामिल हो सकते हैं।

**धनु :** आज क्रोध और वाणी पर संयम रखना होगा। विवादास्पद मुद्दों पर बहस करने से बचें, जो आपके और आपके प्रियजनों के बीच गतिरोध पैदा कर सकते हैं।

**मकर :** दिन कार्यक्षेत्र और आर्थिक क्षेत्र में फलदायी रहेगा। अपने समर्पण और दृढ़ता का प्रतिफल प्राप्त कर रहे हैं। आर्थिक दबाव को काफी हद तक कम कर सकता है।

**कुंभ :** आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। आज आपके सभी कार्यों में आत्मविश्वास की झलक मिलेगी, कई दिनों से चली आ रही रुकावटें आज दूर होंगी।

**मीन :** छात्रों के लिए थोड़ा मुश्किल भरा हो सकता है। पढ़ाई के दौरान एकाग्रता बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। व्यापार से संबंधित समस्या का समाधान होगा।

## चुटकुले

टीचर : पप्पू, क्लास में मोबाइल क्यों लाया?
पप्पू : मैडम, पढ़ाई के लिए!
टीचर : मोबाइल से?
पप्पू : हाँ, जवाब गूगल से और सजा आपसे!

---

पत्नी : सुनो जी, मैं गुस्से में हूँ!
पति : क्यों?
पत्नी : तुम ध्यान नहीं देते।
पति : देता हूँ, पर सही टाइम पर गलत बात पर!

---

दोस्त : भाई, इतना परेशान क्यों है?
गोलू : लाइफ बहुत फास्ट चल रही है।
दोस्त : तो ब्रेक मार ले!
गोलू : ब्रेक है ही नहीं, बस ईएमआई है!

---

मरीज : डॉक्टर साहब, मुझे बहुत आलस आता है।
डॉक्टर : कब-कब?
मरीज : जब भी काम सामने आता है।
डॉक्टर : फिर बीमारी नहीं, एक्सपीरियंस है!

## 08 01 2026 करंट क्राइम

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं — आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन




यश (अभिनेता) | चिंटु कुमार | रमा गुप्ता | जयंती झा | मालती रानी | सुनीता देवी | डॉ. अनिल राघव | नरेश गर्ग | रोहित चौधरी | नवराज पंत | नीटू गुर्जर | नमन तोमर | रितिक गुप्ता | सुभाष शर्मा | अभिषेक त्यागी | विवेक धामा | अमित कुमार | अमरीश कुमार | अरूण अग्रवाल | देवेन्द्र कुमार चौधरी | अरूण शर्मा | जीत कुमार | एजाजुद्दीन | मयंक रिहानी | गरीबदास

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# 600+ रन बनाने के बावजूद भारतीय ODI टीम में नहीं मिली जगह

## अब देवदत्त पडिक्कल ने तोड़ी चुप्पी




**नई दिल्ली।** विजय हजारे ट्रॉफी में 600 से ज्यादा रन बनाने के बावजूद देवदत्त पडिक्कल को न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे टीम में जगह नहीं मिली। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने चयन प्रक्रिया को समझने और धैर्य बनाए रखने की बात कही, साथ ही अपनी टी20 और वनडे बल्लेबाजी पर भी खुलकर बातचीत की।

विजय हजारे ट्रॉफी में जबरदस्त फॉर्म में चल रहे भारतीय बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल ने मौजूदा सीजन में 600 से ज्यादा रन बना लिए हैं। घरेलू वनडे क्रिकेट में उनकी निरंतरता और तकनीकी मजबूती साफ नजर आ रही है। बावजूद इसके, न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में उन्हें जगह नहीं मिली, जिस पर अब उन्होंने खुलकर प्रतिक्रिया दी है।

**चयन नहीं होने पर क्या बोले पडिक्कल?**

न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर रहने पर पडिक्कल ने निराशा जताने के बजाय संतुलित और परिपक्व सोच दिखाई। इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में उन्होंने कहा, 'मैं यह नहीं कहूंगा कि यह निराशाजनक था। हां, मैं चयन को लेकर देख रहा था कि क्या होता है, लेकिन साथ ही मैं यह भी समझता हूं कि इस समय लाइन में बहुत सारे बल्लेबाज हैं और सभी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में वनडे टीम में जगह बनाना आसान नहीं है।' उन्होंने कहा, 'एक क्रिकेटर के तौर पर आपको इन चीजों को स्वीकार करना पड़ता है। आपको बस अपना काम करते रहना होता है और लगातार रन बनाते रहना होता है।'

**टी-20 क्रिकेट के लिए बदली अपनी सोच**

पडिक्कल ने स्वीकार किया कि उनका क्रिकेट टेस्ट क्रिकेट की सोच के साथ विकसित हुआ था, लेकिन आईपीएल ने उन्हें अपनी बल्लेबाजी में बदलाव करने के लिए मजबूर किया। पडिक्कल ने कहा, 'मैं टेस्ट क्रिकेट खेलने की सोच के साथ बड़ा हुआ हूं, इसलिए मेरा खेल एक खास तरीके से ढला हुआ था। जब टी20 क्रिकेट के मौजूदा अंदाज के हिसाब से खुद को ढालना पड़ा, तो यह निश्चित रूप से चुनौतीपूर्ण था।'

**आरसीबी कोचिंग स्टाफ को दिया श्रेय**

उन्होंने अपनी टी20 बल्लेबाजी में सुधार का श्रेय रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कोचिंग स्टाफ को दिया। पडिक्कल ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो इसका पूरा श्रेय डीके (दिनेश कार्तिक) और एंडी (फ्लावर) को जाता है। उन्होंने मुझे समझाया कि मैं टी20 फॉर्मेट में अपने खेल को कैसे अधिकतम कर सकता हूं।'

**वनडे फॉर्मेट में खुद को बताया सहज**

वनडे क्रिकेट को लेकर पडिक्कल ने कहा कि इस फॉर्मेट में उन्हें अपनी लय जल्दी मिल गई। उन्होंने कहा, 'वनडे क्रिकेट में सब कुछ टेंपो और पैटर्न पर निर्भर करता है। खुशकिस्मती से मुझे यह अपने 50 ओवर करियर की शुरूआत में ही समझ आ गया।' उन्होंने अपनी रणनीति बताते हुए कहा, 'मेरे लिए यह काफी सीधा है। नई गेंद को संभालना, फिर गेंदबाजों पर दबाव बनाना और स्थिति के अनुसार खेलना।'



## एशियाड स्वर्ण विजेता भारतीय एथलीट जिनसन जॉनसन ने लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** एशियाड स्वर्ण पदक विजेता और राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी धावक जिन्सन जॉनसन ने 15 साल लंबे करियर के बाद संन्यास की घोषणा की। 2018 उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ साल रहा, जबकि चोटों से जूझने के बाद 2023 में उन्होंने आखिरी बार अंतरराष्ट्रीय मंच पर पदक जीता। उनका सफर भारतीय एथलेटिक्स के लिए प्रेरणादायक अध्याय बनकर रहेगा।

भारतीय एथलेटिक्स को अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई पहचान दिलाने वाले एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी मध्यम दूरी के धावक जिनसन जॉनसन ने बुधवार को अपने संन्यास की घोषणा कर दी। 34 वर्षीय केरल के इस एथलीट ने 15 साल लंबे करियर के बाद खेल को अलविदा कहते हुए कहा कि अब उनके जीवन में कुछ नया शुरू करने का समय आ गया है।

# जल्द शादी के बंधन में बंध सकते हैं अर्जुन और सानिया

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर जल्द ही मंगेतर सानिया चंदोक से शादी रचा सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि दोनों इस साल मार्च में शादी के बंधन में बंध सकते हैं।



महान भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर जल्द ही शादी के बंधन में बंध सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबकि, अर्जुन मंगेतर सानिया चंदोक से मार्च में शादी रचा सकते हैं। बता दें कि, दोनों की पिछले साल अगस्त में सगाई हुई थी। सानिया मुंबई के प्रसिद्ध व्यवसायी रवि घई की पोती हैं। घई परिवार हॉस्पिटेलिटी और खाद्य क्षेत्र में सुप्रसिद्ध है, जिसके पास इंटरकॉन्टिनेंटल होटल और आइसक्रीम ब्रांड ब्रुकलिन क्रीमरी का स्वामित्व है।

### सचिन ने की थी सगाई की पुष्टि

अर्जुन और सानिया की सगाई एक निजी कार्यक्रम में हुई थी, जिसकी जानकारी शुरूआत में मीडिया रिपोर्ट्स के जरिए सामने आई थी। बाद में सचिन ने 'आस्क मी एनिथिंग' सेशन के दौरान एक प्रशंसक के सवाल का जवाब देते हुए पुष्टि की थी कि अर्जुन और सानिया की सगाई हो चुकी है। इस दौरान दोनों परिवारों के करीबी दोस्त और सदस्य शामिल हुए थे।

### कौन हैं सानिया चंदोक?

सानिया चंदोक कोई आम नाम नहीं हैं। वे मशहूर उद्योगपति रवि घई की पोती हैं। रवि घई भारत के होटल और खाद्य उद्योग के बड़े नामों में शुमार किए जाते हैं।

उनका कारोबार इंटरकॉन्टिनेंटल होटल से लेकर ब्रुकलिन क्रीमरी तक फैला हुआ है। व्यावसायिक पृष्ठभूमि के साथ-साथ सानिया खुद भी एक सफल उद्यमी हैं। वे मुंबई स्थित ह्यमिस्टर पॉज पेट स्पा एंड स्टोर एलएलपी' की संस्थापक और निदेशक हैं। यह ब्रांड पालतू जानवरों की देखभाल और उनके लिए उच्च-स्तरीय उत्पादों के लिए जाना जाता है।

शिक्षा के मामले में भी सानिया का सफर काफी प्रभावशाली रहा है। उन्होंने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (छरए) से अपनी पढ़ाई पूरी की है। इसके अलावा हाल ही में उन्होंने वर्ल्डवाइड वेटरनरी सर्विस (हश्र) से वेटरनरी टेक्नीशियन का डिप्लोमा भी हासिल किया है। यह उनकी पशु-प्रेम और पशु कल्याण में रुचि को दशार्ता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सानिया का संबंध तेंदुलकर परिवार से केवल अर्जुन के माध्यम से ही नहीं, बल्कि उनकी बहन सारा तेंदुलकर से भी है। कहा जा रहा है कि सानिया और अर्जुन को कई मौकों पर एक साथ देखा गया है।

# सिडनी टेस्ट का फैसला अब पांचवें दिनः जैकब बेथेल का शतक

## फिर भी ऑस्ट्रेलिया मजबूत; इंग्लैंड की बढ़त 119 रन की

**सिडनी।** जैकब बेथेल के पहले टेस्ट शतक ने सिडनी टेस्ट को पांचवें दिन तक खींच दिया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया अब भी एशेज सीरीज को 4-1 से जीतने की मजबूत स्थिति में है। इंग्लैंड की उम्मीदें बेथेल की ऐतिहासिक पारी और स्पिन गेंदबाजों पर टिकी हैं, जबकि स्टोक्स की चोट चिंता का विषय बनी हुई है।

सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जा रहा एशेज 2026 का पांचवां और आखिरी टेस्ट मुकाबला अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है। इंग्लैंड के युवा ऑलराउंडर जैकब बेथेल के शानदार पहले टेस्ट शतक के बावजूद ऑस्ट्रेलिया सीरीज को 4-1 से जीतने की मजबूत स्थिति में है। चौथे दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 302/8 रन बना लिए थे और उसे 119 रनों की बढ़त हासिल हो चुकी है। अब मुकाबले का नतीजा पांचवें दिन तय होगा।

**जैकब बेथेल का यादगार शतकः** 22 वर्षीय जैकब बेथेल के लिए यह पारी किसी सपने से कम नहीं रही। अपने करियर के छठे टेस्ट में और इस सीरीज के दूसरे मैच में बेथेल ने 232 गेंदों में नाबाद 142 रन बनाए। खास बात यह रही कि इंग्लैंड की दूसरी पारी की शुरूआत बेहद खराब रही और पहले ही ओवर में मिचेल स्टार्क ने जैक क्राउली को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया।




ऐसे मुश्किल हालात में बल्लेबाजी करने उतरे बेटेल ने धैर्य, तकनीक और मानसिक मजबूती का शानदार उदाहरण पेश किया।

**साझेदारियों ने दी इंग्लैंड को उम्मीदः** बेथेल ने अलग-अलग साझेदारों के साथ अहम पारियां खेलीं। उन्होंने बेन डकेट (42) के साथ 81 रन की साझेदारी की, जो रूट (6) के साथ 32 रन, हैरी ब्रूक (42) के साथ 102 रन और जेमी स्मिथ (26) के साथ 45 रन जोड़े। जब-जब इंग्लैंड के विकेट गिरे, बेथेल ने एक छोर संभाले रखा और टीम को पहली पारी के 183 रन के घाटे से बाहर निकाला। मैच के बाद बेथेल ने कहा, 'यह उपलब्धि खास है। परिवार का यहां होना और यहां शतक लगाना मेरे लिए बेहद यादगार पल है।'

**ब्यू वेबस्टर ने बदला मैच का रुखः** ऑस्ट्रेलिया के लिए इस पारी में सबसे चौंकाने वाला नाम ब्यू वेबस्टर रहा।

मध्य तेज गति के गेंदबाज वेबस्टर ने 51 रन देकर तीन विकेट लिए इंग्लैंड की पारी को झटका दिया। उन्होंने हैरी ब्रूक को एलबीडब्ल्यू किया और अगली ही गेंद पर विल जैक्स को बिना खाता खोले आउट कर दिया। इससे इंग्लैंड का स्कोर 219/5 हो गया और ऑस्ट्रेलिया को मैच में वापसी का मौका मिला।

**स्टोक्स की चोट बनी इंग्लैंड की चिंताः** दिन के खेल के दौरान इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की चोट ने टीम की मुश्किलें बढ़ा दीं। वह दाहिने एडडक्टर की समस्या के कारण मैदान छोड़कर बाहर चले गए। बल्लेबाजी के दौरान भी वह सहज नजर नहीं आए और सिर्फ एक रन बनाकर आउट हो गए। उनकी गेंदबाजी को लेकर भी पांचवें दिन संदेह बना हुआ है। बेथेल ने कहा, 'वह काफी तकलीफ में दिख रहे थे। मुझे नहीं लगता कि कल उनके गेंदबाजी करने की संभावना ज्यादा है।'

**ऑस्ट्रेलिया की पहली पारीः मजबूत नींवः** ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 567 रनों पर समाप्त हुई थी। ट्रेविस हेड (165) और स्टीव स्मिथ (138) ने शानदार शतक जमाए। यह स्मिथ का एशेज में 13वां और करियर का 37वां टेस्ट शतक था, जिससे वह सर्वकालिक सूची में छठे स्थान पर पहुंच गए। ब्यू वेबस्टर ने नाबाद 71 रन की अहम पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया ने 183 रन की बढ़त हासिल की थी।

**पांचवें दिन का समीकरणः** अब ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए करीब 150 या उससे अधिक रनों का लक्ष्य मिल सकता है। पिच पर स्पिन मददगार नजर आ रही है, जिससे इंग्लैंड के पास बेथेल, विल जैक्स और जो रूट जैसे विकल्प मौजूद हैं।

# नौ चौके और 10 छक्के...तीसरे यूथ वनडे में वैभव सूर्यवंशी का तूफान, 63 गेंदों में जड़ा शतक

**बेनोनी।** भारत अंडर-19 और दक्षिण अफ्रीका अंडर-19 के बीच जारी तीन वनडे मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला बेनोनी में खेला जा रहा है। इस मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी और आरोन जॉर्ज ने 200 से ज्यादा रनों की साझेदारी से भारत को अच्छी शुरूआत दिलाई है।



भारत और दक्षिण अफ्रीका की अंडर-19 टीमों के बीच जारी तीन यूथ वनडे मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले में भी कप्तान वैभव सूर्यवंशी का बल्ला जमकर गरजा है। उन्होंने महज 63 गेंदों में शतक जड़कर विपक्षी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दीं। बेनोनी में खेले जा रहे इस मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया है।

आरोन जॉर्ज और वैभव सूर्यवंशी की विशाल साझेदारी से भारत की अच्छी शुरूआत

इस मुकाबले में ऑरोन जॉर्ज और वैभव सूर्यवंशी ने टीम को शानदार शुरूआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 227 रनों की विशाल साझेदारी हुई। कप्तान वैभव सूर्यवंशी ने महज 74 गेंदों में नौ चौके और 10 छक्के की सहायता से 127 रनों की धमाकेदार पारी खेली। यह पहला मौका नहीं हैं जब 14 वर्षीय सूर्यवंशी का बल्ला गरजा है। इससे पहले उन्होंने दूसरे यूथ वनडे में भी धुआंधार प्रदर्शन किया था। उन्होंने महज 24 गेंदों में 10 छक्के और एक चौके की मदद से 68 रन बनाए थे। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 283.33 का रहा था।

**वैभव ने हासिल की बड़ी उपलब्धि**

दक्षिण अफ्रीका की धरती पर अपने पहले शतक के साथ वैभव ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। 14 वर्षीय वैभव पांच अलग-अलग देशों में शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाजों की लिस्ट में शामिल हो गए। इससे पहले उन्होंने भारत, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में शतकीय पारी खेली थी।

**कप्तान बनते ही वैभव ने रचा इतिहास**

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जारी तीन यूथ वनडे मैचों की सीरीज के लिए बीसीसीआई ने 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को टीम की कमान सौंपी है। इसी के साथ उन्होंने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह यूथ वनडे में किसी टीम की कमान संभालने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के कप्तान बन गए। उन्होंने इस मामले में पाकिस्तान के अहमद शहजाद का रिकॉर्ड तोड़ा। शहजाद ने साल 2007 में 15 साल 141 दिन की उम्र में पाकिस्तान की अंडर-19 टीम की कप्तानी की थी।

# ऋतुराज को नजर अंदाज किए जाने पर उथप्पा का चयनकर्ताओं पर तंज

**नई दिल्ली।** भारत ने 11 जनवरी से वडोदरा में शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। शुभमन गिल को कप्तान बनाए रखा गया है, जबकि चोट से उबर चुके श्रेयस अय्यर की टीम में वापसी हुई है और उन्हें उपकप्तान नियुक्त किया गया है।

हालांकि, इस टीम चयन में सबसे बड़ा झटका ऋतुराज गायकवाड़ को लगा, जिन्हें हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतक जड़ने के बावजूद टीम से बाहर रखा गया।



न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए ऋतुराज गायकवाड़ को टीम से बाहर किए जाने पर पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाए।

**रॉबिन उथप्पा की तीखी प्रतिक्रियाः** ऋतुराज गायकवाड़ के चयन न होने पर पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने इस फैसले को चौंकाने वाला बताया। अपने यूट्यूब चैनल पर उथप्पा ने कहा, 'दोस्त, इसे समझना बहुत मुश्किल होता है। आपको खुद से इसे सही ठहराना पड़ता है।

इसका मानसिक असर पड़ता है और ऐसे हालात में आपको किसी न किसी सकारात्मक पहलू को पकड़ना पड़ता है। यह आसान नहीं होता, हालात काफी थकाने वाले होते हैं, लेकिन फिर भी आपको पॉजिटिव देखने का तरीका ढूंढना पड़ता है।'

**'सर्वाइवल मोड' में भारतीय क्रिकेटः** उथप्पा ने भारतीय क्रिकेट के माहौल पर भी खुलकर बात की।

उन्होंने कहा, 'भारतीय क्रिकेट की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि आप हमेशा सर्वाइवल मोड में रहते हैं। उस सोच से बाहर निकलने के लिए जबरदस्त मानसिक मजबूती, खुद से बातचीत और पॉजिटिव रिइनफोर्समेंट की जरूरत होती है।

आपको हर हाल में उम्मीद की किरण ढूंढनी पड़ती है।'

**'मुंबई, दिल्ली या पंजाब से नहीं हैं तो लड़ाई और कठिन':** उथप्पा का सबसे चर्चा में रहने वाला बयान सिस्टम को लेकर रहा। उन्होंने साफ कहा, 'अगर आप भारत के तीन बड़े क्रिकेटिंग राज्यों, मुंबई, दिल्ली या पंजाब से नहीं आते हैं, तो आपको अपनी जगह पक्की करने के लिए और ज्यादा लड़ना पड़ता है। अगर आप इन राज्यों से नहीं हैं, तो आपको लगातार खुद को साबित करते रहना होता है।'

**ऋतुराज का वनडे रिकॉर्ड**

ऋतुराज गायकवाड़ ने 2022 में भारत के लिए वनडे डेब्यू किया था। अब तक खेले गए 9 वनडे मैचों में उन्होंने 228 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। बावजूद इसके, उनका टीम से बाहर होना कई सवाल खड़े कर रहा है।

**भारत की वनडे टीम (न्यूजीलैंड के खिलाफ):** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), वॉशिंगटन सुंदर, रविंद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जायसवाल।

# आईसीसी से मुंह की खाने पर बांग्लादेश बोर्ड की अक्ल ठिकाने आई

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि आईसीसी भारत में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के दौरान बांग्लादेश टीम की सुरक्षा चिंताओं को लेकर उसके साथ मिलकर काम करने को तैयार है। मुस्तफिजुर रहमान के आईपीएल से बाहर होने के बाद बढ़े तनाव के बीच आईसीसी ने बांग्लादेश की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया है।

टी20 वर्ल्ड कप 2026 को लेकर भारत और बांग्लादेश के बीच चल रहे विवाद के बीच अब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) का आधिकारिक बयान सामने आया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड का कहना है कि उनकी चिंताओं पर अब आईसीसी ने सकारात्मक रुख अपनाया है। बीसीबी ने बुधवार को कहा कि आईसीसी ने भारत में खेलने को लेकर उठाए गए सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर उसके साथ करीबी तौर पर काम करने की इच्छा जताई है। बीसीबी के इस बयान ने विवाद को नया मोड़ दे दिया है। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि आईसीसी ने भारत में मैच न खेलने की बीसीबी की मांग को ठुकरा दिया था।




### मुस्तफिजुर रहमान विवाद के बाद बढ़ा तनाव

भारत और बांग्लादेश के बीच क्रिकेट संबंधों में हालिया तनाव उस वक्त बढ़ा, जब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के निर्देश पर आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स ने बांग्लादेशी तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम से रिलीज कर दिया, जिन्हें नीलामी में 9.2 करोड़ रुपये में खरीदा गया था। इसी फैसले के बाद भारत-बांग्लादेश क्रिकेट संबंधों में तनाव बढ़ा और मामला आईसीसी तक पहुंचा। इस फैसले के बाद बीसीबी ने कड़ी नाराजगी जताई और आईसीसी को लिखित रूप से मांग भेजी कि टी20 वर्ल्ड कप में भारत में होने वाले उसके चारों मुकाबलों को सह-मेजबान श्रीलंका में शिफ्ट किया जाए।

### बीसीबी का बयान: आईसीसी ने भरोसा दिलाया

बीसीबी की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को आईसीसी से उस पत्र का जवाब मिला है, जिसमें भारत में टी20 वर्ल्ड कप के दौरान बांग्लादेश राष्ट्रीय टीम की सुरक्षा को लेकर चिंताएं और मैचों के स्थानांतरण का अनुरोध किया गया था।' बोर्ड ने आगे कहा, 'आईसीसी ने टूर्नामेंट में बांग्लादेश टीम की पूर्ण और निर्बाध भागीदारी सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।'

### सुरक्षा योजना में बीसीबी की राय होगी शामिल

बीसीबी के मुताबिक, आईसीसी ने यह भी आश्वासन दिया है कि सुरक्षा योजना तैयार करते समय बांग्लादेश बोर्ड के सुझावों और इनपुट्स को गंभीरता से लिया जाएगा। बयान में कहा गया, 'आईसीसी ने बीसीबी के साथ मिलकर काम करने की इच्छा जताई है और भरोसा दिलाया है कि बोर्ड की चिंताओं को सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत योजना में शामिल किया जाएगा।' हालांकि, बीसीबी के इन बयानों से यह भी पता चलता है कि आईसीसी ने उन्हें इस बात का आश्वासन नहीं दिया है कि उनके मैच को कहीं बाहर शिफ्ट किया जाएगा।

### आईसीसी की ओर से सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं

हालांकि इस पूरे मामले पर आईसीसी की ओर से अभी तक कोई सार्वजनिक बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन बीसीबी के इस बयान को दोनों बोर्डों के बीच तनाव कम होने की दिशा में अहम संकेत माना जा रहा है। यह बयान ऐसे समय आया है जब ईएसपीएन-क्रिकइनफो समेत कुछ अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि आईसीसी ने बांग्लादेश को भारत में खेलने या अंक गंवाने का विकल्प दिया है।

हालांकि, बीसीबी ने इन खबरों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि आईसीसी की ओर से किसी तरह का अल्टीमेटम नहीं दिया गया। बोर्ड का कहना है कि सुरक्षा और लॉजिस्टिक्स से जुड़े मुद्दों पर चर्चा जरूर हुई, लेकिन कोई कठोर चेतावनी नहीं दी गई।

### टी20 वर्ल्ड कप शेड्यूल और बांग्लादेश के मुकाबले

20 टीमों का टी20 वर्ल्ड कप 2026 भारत और श्रीलंका में सात फरवरी से आठ मार्च तक खेला जाना है। बांग्लादेश को ग्रुप सी में रखा गया है। उसके पहले तीन मुकाबले कोलकाता में वेस्टइंडीज (सात फरवरी), इटली (नौ फरवरी) और इंग्लैंड (14 फरवरी) के खिलाफ तय हैं। ग्रुप चरण का आखिरी मैच 17 फरवरी को मुंबई में नेपाल के विरुद्ध खेला जाएगा। टूर्नामेंट में अब करीब एक महीना बाकी है। ऐसे में आईसीसी और बीसीबी के बीच जारी संवाद यह तय करेगा कि यह विवाद यहीं थमता है या आगे क्रिकेट कूटनीति को और प्रभावित करता है।

# निशानेबाज अंगद बाजवा ने ली कनाडा की नागरिकता

## एशियन गेम्स 2023 में दिला चुके भारत को कांस्य

**नई दिल्ली।** एशियन गेम्स 2023 में भारत को पुरुष टीम स्पर्धा में कांस्य पदक दिलाने वाले अंगद बाजवा ने कनाडा की नागरिकता हासिल कर ली है। एशियन गेम्स 2023 में भारत को पुरुष टीम स्पर्धा में कांस्य पदक दिलाने वाले शॉटगन निशानेबाज अंगद वीर सिंह बाजवा ने कनाडा की नागरिकता ले ली है। इसकी जानकारी अंगद ने सोशल मीडिया के जरिए दी।


**एनआरएआई ने जारी की एनओसी**

टोक्यो ओलंपिक 2020 में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले अंगद को भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) की तरफ से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) दे दी गई। इसके बाद वह भविष्य में बिना किसी रुकावट के कनाडा के लिए प्रतियोगिताओं में खेलते नजर आ सकते हैं।



**क्यों बदली नागरिकता?**

अंगद ने अपने फैसले का कारण नहीं बताया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनका पूरा परिवार कनाडा में ही रहता है। अंगद के पिता गुरपाल हॉस्पिटैलिटी का बिजनेस चलाते हैं। एनआरएआई के सेक्रेटरी जनरल पवन सिंह ने ट्रिब्यून को बताया, 'हां, हमें उनका एनओसी मांगने वाला आवेदन मिला था।




# बालकिशन गुप्ता का जन्मदिन मनाया गया धूम-धाम से





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा नेता तथा व्यापार मंडल की राजनीति के बड़े चेहरे बाल किशन गुप्ता बालू का जन्मदिन उनके समर्थकों, परिजनों और व्यापार मंडल के सहयोगियों ने धूम-धाम से मनाया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाल किशन गुप्ता ने अपने जन्मदिन पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में व्यापार मंडल के लोग, भाजपा नेता तथा समाज के विभिन्न वर्गों के गणमान्य लोग पहुंचे। सभी ने बालकिशन गुप्ता को उनके जनदिन पर उनकी लम्बी आयु, उत्तम स्वास्थ और यशस्वी जीवन की कामना करते हुए बधाई तथा शुभकामनायें दीं।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर एबीवीपी का युवोत्सव



## - एचआरआईटी विश्वविद्यालय में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गाजियाबाद महानगर द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में 15 दिवसीय युवोत्सव पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इस पखवाड़े के अंतर्गत क्रिकेट प्रतियोगिता, सम्मान समारोह, विचार संगोष्ठी, मेडिकल कैंप एवं मिनी मैराथन जैसे विविध कार्यक्रम विद्यार्थियों के बीच आयोजित किए जाएंगे।

इसी क्रम में युवोत्सव के अंतर्गत एचआरआईटी विश्वविद्यालय में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर राष्ट्रभक्ति से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई तथा युवाओं को नशा मुक्ति, खेल गतिविधियों और सामाजिक कार्यों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया।

शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अनिल अग्रवाल (पूर्व राज्यसभा सांसद) एवं गोपाल अग्रवाल उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों एवं युवाओं से संवाद करते हुए उन्हें सकारात्मक सोच, अनुशासन और समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया तथा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

एबीवीपी का लक्ष्य इस युवोत्सव के माध्यम से 25 हजार से अधिक विद्यार्थियों तक पहुंचना और राष्ट्र निर्माण, खेल, स्वास्थ्य व सामाजिक चेतना का संदेश देना है। इस उद्देश्य को सफल बनाने के लिए एबीवीपी के कार्यकर्ता विभिन्न स्थानों पर लगातार कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं।

## सेक्टर डेल्टा वन में दूषित पानी की शिकायत, प्राधिकरण ने जांच के दिए निर्देश

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर डेल्टा वन में दूषित पानी सप्लाई की मिल रही शिकायतों पर प्राधिकरण ने तत्काल संज्ञान लिया। प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह ने जल विभाग को तत्काल मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिए। जल विभाग की टीम ने जिन सेक्टरवासियों ने दूषित पानी सप्लाई की शिकायत की थी, उनके घरों में जाकर पानी की जांच की है। जल विभाग की तरफ से बताया गया है कि इन घरों में पानी साफ पानी आ रहा है। सिर्फ एक घर के सप्लाई कनेक्शन में दिक्कत थी और एक अन्य जगह पर पाइप से लीकेज प्राप्त हुई है। दोनों जगहों पर विभाग की तरफ से तत्काल रिपेयर करा दिया गया है, लेकिन जलापूर्ति में सीवर के मिश्रित होने का कोई साक्ष्य नहीं मिला है। वहीं, जल विभाग की टीम ने शाम को जलापूर्ति होने पर दोबारा से सैंपल लिए हैं। इसे जांच के लिए लैब भेजा जाएगा।




## 2023 वालों पर अभी कितना आएगा संकट

पुलिस महकमे में कहावत बहुत चलती है नया नौ दिन और पुराना सौ दिन। इसका मलतब होता है कि नया नया होता है और पुराने पुराने ही होते हैं। ऐसे ही कारनामे और कांड पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में 2023 बैच वालों के समय-समय पर सुनाई देते रहते हैं। ताजा मामले की भी चर्चा कम होने का नाम नहीं ले रही है। कभी उनके कारनामे कमिश्नरेट पुलिस की फजीहत करवाते हैं, तो कभी उनके किस्से और कहानी बाहर आते रहते हैं। कभी रील वाला मामला, तो महिला वाला तो कभी समय से पहले चौकियों को पाने की चाहत वाले किस्से बाहर आ जाते हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगभग 600 से अधिक 2023 बैच के टू-स्टार हैं। कोई दिल लगाने को लेकर सस्पेंड हो चुका है, तो किसी के अवैध संबंधों ने उनको लाइन का रास्ता दिखाया है। किसी की ऑनलाइन वाली शिकायत फजीहत बनी है, तो ऐसे भी कई मामले हैं जो अधिकारियों की फाइल और टेबल तक दबे रह गए बताए जाते हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सिटी से लेकर देहात वाले जोन तक और नदिया पार वाले जोन में भी 2023 बैच वालों के



कारनामों की कमी नहीं है। पुलिस में कहने वाले तो यहां तक कहते हैं कि अगर किताबें लिखनी शुरू की जाएं तो कई अध्याय और खंड भी बनाए जा सकते हैं। बताया जा रहा है कि बीते दिनों सिटी जोन में एक 23 बैच वाले टू-स्टार ने एक महिला पुलिस अधिकारी को ही कोई मैसेज भेज दिया था। बाद में डिलीट एवरी वन हुआ लेकिन तब तक रीड हो चुका था। इन सबके बीच बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अभी तक डीसीपी स्तर के अधिकारियों की ओर से भी इन पर ना तो सख्त एक्शन लिया गया है और ना ही कोई वार्निंग जारी की जाती है जबकि उनके कई किस्से पहले भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के अधिकारियों के लिए लिए परेशानियों के सबब बने बताए जा रहे हैं। बताया जा रहे हैं कि एक टू-स्टार जो 23 बैच के थे, उनका सस्पेंशन हो गया है। मामला पहले अधिकारियों तक आया और मामला हाईलाइट और टाइट होने पर कार्रवाई वाला एक्शन लिया गया है। इन सबके बीच अभी भी कई अधिकारियों के कुछ 2023 बैच वाले टू-स्टार खास बने हुए हैं। अब देखना होगा कि उनपर कृपा होगी या नाम फाइलों में ही सिमट कर रह जाएगा।

# पीएमएवाई योजना में 312 लोगों का घर का सपना हुआ पूरा

## जीडीए ने निकाला मकानों का ड्रॉ, मकान पाकर खुशी से झूम उठे आवंटी







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हर व्यक्ति के घर का सपना पूरा करने के उद्देश्य से चलाई जा रही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बुधवार को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने हिन्दी भवन में ईडब्ल्यूएस भवनों का ड्रॉ किया। ग्राम डासना में बनाए जा रहे भवनों के ड्रा में जीडीए के अपर सचिव प्रदीप कुमार सिंह, वित्त नियंत्रक अशोक कुमार वाजपेयी व पीएमएवाई सेल से संबंधित अधिकारी व जीडीए पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

अपर सचिव प्रदीप कुमार के निर्देशन में किए गए लकी ड्रॉ में उक्त योजना में आवेदन करने वाले आवेदक पहुंचे थे। जैसे ही ड्रॉ का क्रम शुरू हुआ तो लोगों की धड़कनें बढ़ने लगीं। एक के बाद एक जब भवन निकलने लगे तो आवंटी खुशी से झूम उठे। मकान का सपना पूरा होने पर कई आवंटियों के खुशी के मारे आंखों से आंसू छलक आए। बता दें कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अपनी व निजी विकासकर्ताओं की विभिन्न आवासीय योजनाओं में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दुर्बल वर्ग के लोगों को भी एक अदद मकान उपलब्ध करा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दुर्बल आय वर्ग के लोगों को अनुदान राशि भी दी जाती है। प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान पाकर लोग बेहद खुश है। उक्त योजना के तहत बुधवार को 312 मकानों का ड्रॉ संपन्न हुआ। बता दें कि एक सप्ताह पहले जीडीए सचिव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनाये जा रहे ई0डब्ल्यू0एस भवनों के आवंटन/कब्जा दिये जाने के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में प्रभारी पी०एम०ए०वाई० सेल द्वारा अवगत कराया गया था कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत प्राधिकरण की 05 योजनाओं मधुबन बापूधाम, डासना, प्रताप विहार, नूरनगर (राजनगर एक्सटेंशन), निवाड़ी (मोदीनगर) में निर्मित कराये जा रहे 3496 ईडब्ल्यूएस भवनों के सापेक्ष 2239 भवनों के आवंटन उपरान्त लगभग 2002 आवंटियों को आवंटन पत्र निर्गत किया जा चुका है तथा निजी विकासकर्ताओं की कुल 11 योजनाओं में निर्मित कराये जा रहे 6481 ईडब्ल्यूएस भवनों के सापेक्ष 2754 भवनों के आवंटन उपरान्त लगभग 2295 आवंटियों को आवंटन पत्र निर्गत किया जा चुके हैं।

## नागरिक सुरक्षा गाजियाबाद के वार्डनों का क्षमता निर्माण प्रशिक्षण

# अग्निशमन पर दिया गया व्यावहारिक अभ्यास







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत महानिदेशक नागरिक सुरक्षा द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में नागरिक सुरक्षा गाजियाबाद के वार्डनों एवं स्वयंसेवकों के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण का चतुर्थ सत्र आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 5 से 11 जनवरी 2026 तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक रामलीला मैदान, कविनगर स्थित जानकी सभागार में संपन्न हो रहा है।

प्रशिक्षण सत्र में सर्वप्रथम गुलाम नबी, वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा गाजियाबाद द्वारा अग्निशमन विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने आग का सामान्य परिचय, आग के प्रकार तथा आग बुझाने के मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डाला।

इसके उपरांत दारा सिंह, अग्निशमन अधिकारी द्वारा विभिन्न प्रकार की आग को बुझाने की विधियां, आग लगने की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियां तथा आपातकाल में किस प्रकार त्वरित और सुरक्षित कार्रवाई की जाए, इस पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।

प्रयोगात्मक सत्र में लोकेश सिंह, विपिन एवं अग्निशमन विभाग की टीम द्वारा फायर टेंडर के माध्यम से हौज रील को जोड़ने एवं अलग करने की प्रक्रिया, वाटर स्प्रे की विभिन्न ब्रांचों का प्रयोग तथा आग पर नियंत्रण पाने की तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। प्रशिक्षार्थियों को आग लगने की स्थिति में तत्काल सूचना देने और मौके पर प्रभावी कार्रवाई कर आग पर काबू पाने का अभ्यास भी कराया गया।

प्रशिक्षण के सफल आयोजन में नेम सिंह (सहायक उपनियंत्रक), विमलेश (भंडार अधीक्षक), हर्ष वर्मा (डिवीजनल वार्डन, आरक्षित) एवं दीपक अग्रवाल (डिवीजनल वार्डन, टाउन हॉल प्रखंड) सहित नागरिक सुरक्षा गाजियाबाद के समस्त स्टाफ एवं वरिष्ठ वार्डनों का सक्रिय सहयोग रहा।

# सरदार एस. पी. सिंह ने भाजपा केंद्रीय कार्यालय में नितिन नवीन से की शिष्टाचार भेंट



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सरदार एस. पी. सिंह, पूर्व सदस्य अल्पसंख्यक आयोग, उत्तर प्रदेश एवं पूर्व संयोजक भारतीय जनता पार्टी गाज़ियाबाद महानगर ने आज भाजपा के केंद्रीय कार्यालय पहुंचकर पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष नितिन नवीन से शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर सरदार एस. पी. सिंह ने नितिन नवीन को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके मनोनयन पर हार्दिक बधाई दी तथा नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा दिया गया यह दायित्व संगठन को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगा।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अजय गुप्ता ने अपनी पत्नी रमा गुप्ता को दी जन्मदिन की अनंत शुभकामनाएँ। *'सस्ती सी मेरी जिंदगी का महंगा सा ख्वाब हो तुम, हाँ मेरी जान, मेरे लिए बहुत खास हो तुम।'* रमा, जीवन के इस पड़ाव पर यह अहसास सबसे गहरा है कि दुनिया की भीड़, दोस्त और जिम्मेदारियों के बीच, अंततः सिर्फ तुम्हारा साथ ही मेरी सबसे बड़ी ताकत और दौलत है। जब उम्र ढलती है और सब अपने-अपने सपनों में व्यस्त हो जाते हैं, तब तुम्हारी एक मुस्कान ही मेरे जीवन का सबसे बड़ा सहारा बनती है। मेरी अर्धांगिनी और मेरी सच्ची जीवनसाथी होने के लिए तुम्हारा शुक्रिया। ईश्वर तुम्हें लंबी उम्र और अटूट खुशियाँ दे। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# हादी के दल ने पुलिस के आरोपों से इनकार किया

## इंसाफ न मिलने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

**ढाका।** बांग्लादेश में मारे गए छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की पार्टी 'इंकलाब मंच' ने पुलिस के आरोप पत्र (चार्जशीट) को मानने से इनकार कर दिया है। पार्टी ने आरोप लगाया है कि इस हत्याकांड में केवल स्थानीय अपराधी ही नहीं, बल्कि सरकारी तंत्र भी शामिल है। बंगाली समाचार पत्र 'प्रथम आलो' के अनुसार, इंकलाब मंच ने चेतावनी दी है कि अगर न्याय सुनिश्चित नहीं किया गया, तो उन्हें हिंसक आंदोलन करना पडेगा।

### क्या है पुलिस का कहना?

ढाका महानगर पुलिस की अपराध शाखा ने मंगलवार को मुख्य संदिग्ध फैसल करीम मसूद सहित 17 लोगों के खिलाफ औपचारिक आरोप तय किए। पुलिस का कहना है कि हादी की हत्या अवामी लीग के वार्ड पार्षद तैजुल इस्लाम चौधरी बप्पी के कहने पर 'राजनीतिक प्रतिशोध' के चलते की गई थी। पुलिस के अनुसार, कथित शूटर मसूद सीधे तौर पर अवामी लीग की छात्र इकाई से जुड़ा था।

### पार्टी के सचिव ने लगाया आरोप

इंकलाब मंच के सदस्य सचिव अब्दुल्ला अल जाबेर ने पुलिस के दावे को हास्यास्पद बताया। उन्होंने कहा कि कोई विक्षिप्त व्यक्ति भी यह विश्वास नहीं करेगा कि हादी की हत्या केवल एक वार्ड पार्षद के निदेशों पर हुई। उन्होंने दावा किया कि इस हत्या में एक पूरा आपराधिक गिरोह और सरकारी तंत्र शामिल था। जाबेर ने कहा, जब तक असली दोषियों को न्याय के कटघरे में नहीं लाया जाता तबतक हमारा संघर्ष नहीं रुकेगा।

### कैसे शुरू हुआ मामला?

बता दें कि जुलाई-अगस्त 2024 के विरोध प्रदर्शनों में प्रमुखता से उभरे 32 वर्षीय हादी को 12 दिसंबर को ढाका में चुनाव प्रचार के दौरान सिर में गोली मारी गई थी। उपचार के दौरान




18 दिसंबर को सिंगापुर में उनका निधन हो गया। वे आगामी 12 फरवरी को होने वाले चुनावों में संसदीय उम्मीदवार भी थे।

### भारत ने आरोपों को बताया झूठी कहानी

हादी की हत्या से बांग्लादेश में नई राजनीतिक अशांति फैल गई और भारत के साथ उसके संबंध तनावपूर्ण हो गए।

इस हत्याकांड को लेकर कुछ समूहों ने भारतीय संबंध होने का आरोप लगाया, जिसे नई दिल्ली ने सिरे से खारिज कर दिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इसे झूठी कहानी बताते हुए कहा कि भारत बांग्लादेश में शांति और स्थिरता का समर्थन करता है।

### सीमा पार भागने के दावे पर विवाद

ढाका पुलिस ने दावा किया था कि संदिग्ध सीमा पार कर भारतीय राज्य मेघालय में घुस गए हैं। वहीं, मेघालय में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और स्थानीय पुलिस ने इन दावों को बेबुनियाद बताते हुए खारिज कर दिया है। बीएसएफ अधिकारियों का कहना है कि घुसपैठ का कोई प्रमाण या खुफिया जानकारी नहीं मिली है।

**बांग्लादेशी छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के मामले में उनकी पार्टी इंकलाब मंच ने पुलिस जांच को नकार दिया है। इंकलाब मंच ने आरोप लगाया है कि हत्या में सरकारी तंत्र की मिलीभगत है। पार्टी ने चेतावनी दी है कि अगर न्याय नहीं मिला तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।**

# चीन की रफ्तार ने किया मस्क को हैरान

**नई दिल्ली।** टेस्ला के CEO एलन मस्क हाल ही में मूनशॉट्स पॉडकास्ट पर आए, जहां उन्होंने मजाक में कहा कि चीन उनकी हर बात मानता है।

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने हाल ही में मूनशॉट्स पॉडकास्ट में चीन को लेकर एक दिलचस्प टिप्पणी की, जिसने टेक और ऑटो इंडस्ट्री में चर्चा छेड़ दी है। बातचीत के दौरान मस्क ने मजाकिया लहजे में कहा कि ऐसा लगता है जैसे चीन उनकी कही हर बात को गंभीरता से सुनता है और फिर उसे जमीन पर उतार देता है। उन्होंने यह बात डेटा सेंटर्स की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों, बैटरियों और स्वच्छ ऊर्जा समाधानों के संदर्भ में कही।

**बैटरी, ईवी और सोलर में चीन की आक्रामक बढ़त**

मस्क ने साफ शब्दों में स्वीकार किया कि चीन आज उन सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिन पर वे वर्षों से जोर देते आए हैं।

उन्होंने कहा कि चीन न सिर्फ बड़े पैमाने पर बैटरियां बना रहा है, बल्कि इलेक्ट्रिक वाहनों और सौर ऊर्जा उत्पादन में भी अभूतपूर्व विस्तार कर चुका है। मस्क के अनुसार, ये वही कदम हैं जिनकी उन्होंने अमेरिका



समेत अन्य देशों को भी सलाह दी थी।

आंकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं। 2024 में चीन ने लगभग 1.3 करोड़ इलेक्ट्रिक वाहन बनाए। और 2020 के बाद से इसमें करीब 70 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की गई। इसके साथ ही, CATL और इ ऊजैसी कंपनियों की बदौलत चीन वैश्विक ईवी बैटरी बाजार का करीब 69 प्रतिशत हिस्सा नियंत्रित कर रहा है।

**सोलर पावर को लेकर मस्क की चेतावनी:** एलन मस्क पहले भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सौर ऊर्जा के महत्व को लेकर लगातार पोस्ट करते रहे हैं।

2024 में उन्होंने चेतावनी दी थी कि चीन जिस रफ्तार से सोलर पावर का विस्तार कर रहा है, वह आने वाले चार वर्षों में अमेरिका की कुल बिजली उत्पादन क्षमता से भी आगे निकल सकता है।

# ईरान में निर्वासित युवराज पहलवी ने की जनता से कार्रवाई की अपील

**तेहरान।** ईरान में महंगाई और आर्थिक संकट के खिलाफ भड़के विरोध प्रदर्शनों में अब तक 36 लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच निर्वासित युवराज रजा पहलवी ने ईरानी जनता से सड़कों पर उतरने की अपील की है।

ईरान में बढ़ती महंगाई और गंभीर आर्थिक संकट के खिलाफ भड़के खामेनेई विरोधी प्रदर्शनों ने हिंसक रूप ले लिया है। मानवाधिकार संगठनों के अनुसार, अब तक कम से कम 36 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 1,000 से अधिक प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। यह बीते तीन वर्षों में ईरान का सबसे बड़ा जन आंदोलन माना जा रहा है। मंगलवार को तेहरान के ऐतिहासिक बाजार में प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा बलों ने आंसू गैस का इस्तेमाल किया। यह विरोध प्रदर्शन ईरानी रियाल के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने के बाद और तेज हो गए, जिससे आम जनता की क्रय शक्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है।

# पाक के कबाड़ हथियार के भरोसे बांग्लादेश: खरीदेगी जेएफ-17 थंडर फाइटर जेट, ऑपरेशन सिंदूर में हुआ था फुस्स

**लाहौर।** पाकिस्तानी सेना ने बुधवार (07 जनवरी) को कहा कि बांग्लादेश ने पाकिस्तान से JF-17 थंडर फाइटर जेट खरीदने में रुचि दिखाई है। JF-17 थंडर एक मल्टी-रोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट है, जिसे चीन और पाकिस्तान ने मिलकर बनाया है।

राजनीतिक उथल-पुथल और अशांति से जूझ रहा बांग्लादेश अब पाकिस्तानी की तरफ ज्यादा झुकाव दिखा रहा है। एक तरफ जहां न सरकार और न सेना देश को संभल पा रही है। तो दूसरी तरफ कट्टरपंथियों ने देश में आतंक मचा रखा है। देश के अंदर चल रहे आतंरिक असंतोष के बीच बांग्लादेश अब पाकिस्तान के साथ अपनी नजदीकियां बढ़ा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक बांग्लादेश ने पाकिस्तान के फाइटर जेट JF-17 थंडर फाइटर जेट को खरीदने में रूचि दिखाई है।

इस्लामाबाद में JF-17 फाइटर जेट को लेकर बड़ी बैठक



पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में बताया कि बांग्लादेश ने पाकिस्तान से जेएफ-17 थंडर फाइटर एयरक्राफ्ट खरीदने में रुचि दिखाई है। एक दिन पहले मंगलवार को इस्लामाबाद में बांग्लादेश वायुसेना के एयर चीफ मार्शल हसन महमूद खान और पाकिस्तान एयर फोर्स (PAF) के एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्धू के बीच बैठक हुई, जहां इस सौदे पर चर्चा की गई। बैठक को लेकर दावा किया गया है कि इसमें JF-17 थंडर एयरक्राफ्ट की संभावित खरीद पर विस्तार से चर्चा की गई।

**पाकिस्तान में बांग्लादेश वायुसेना प्रमुख**

पाकिस्तान सेना के मीडिया विंग इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (ISPR) ने एक बयान में कहा, 'बैठक में ऑपरेशनल सहयोग और संस्थागत तालमेल को मजबूत करने पर ध्यान दिया गया, जिसमें ट्रेनिंग, क्षमता निर्माण और एयरोस्पेस प्रगति में सहयोग पर जोर दिया गया।' इसमें कहा गया कि JF-17 थंडर एयरक्राफ्ट की संभावित खरीद पर भी विस्तार से चर्चा हुई। पाकिस्तानी बयान में दावा किया गया है कि इस फाइटर जेट ने भारत के साथ हाल के टकराव के दौरान अपनी युद्ध क्षमताओं को साबित किया है।

**पाक वायुसेना का सबसे अहम लड़ाकू विमान**

चीन की मदद से पाकिस्तान में निर्मित जेएफ-17 लड़ाकू विमानों को पाकिस्तान वायुसेना के 14 स्क्वाड्रन में शामिल किया गया है। ये पाक वायुसेना का सबसे अहम लड़ाकू विमान है। पाक वायुसेना के पास इस श्रेणी के 70 से ज्यादा लड़ाकू विमान हैं। पाकिस्तान का दावा है कि जेएफ-17 लड़ाकू विमान दुनिया के किसी भी देश के चौथी पीढ़ी के विमानों के समान सक्षम है। इनमें हवा से हवा और हवा से जमीन पर मार करने की क्षमता है।

# उत्तर और दक्षिण कोरिया के बीच खत्म होगी दशकों पुरानी दुश्मनी, इस देश ने चीन से मध्यस्थता का किया अनुरोध

**शंघाई (चीन)।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने कहा कि उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से उत्तर कोरिया के परमाणु संकट को हल करने और कोरिया प्रायद्वीप के दोनों देशों के बीच शत्रुता कम करने में मध्यस्थ बनने का अनुरोध किया। ली ने बताया कि यह अनुरोध इसी सप्ताह बीजिंग में हुई शिखर बैठक के दौरान किया गया।



दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने बुधवार को कहा कि उन्होंने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग से एक खास अनुरोध किया है। उन्होंने जिनपिंग से कहा कि वह उत्तर कोरिया के परमाणु संकट को हल करने में मदद करें। इसके साथ ही म्युंग ने चीन से यह भी कहा कि वह उत्तर और दक्षिण कोरिया के बीच शत्रुता को कम करने के लिए मध्यस्थ की भूमिका निभाए।

म्युंग ने कहा कि उन्होंने इसी सप्ताह दोनों नेताओं के बीच हुई शिखर बैठक के दौरान यह अनुरोध किया। चीन यात्रा के शंघाई चरण में अपने साथ यात्रा कर रहे पत्रकारों से बातचीत में म्युंग ने बताया कि सोमवार को बीजिंग में हुई शिखर बैठक के दौरान शी जिनपिंग ने उत्तर कोरिया से जुड़े मुद्दों पर धैर्य रखने की बात कही।

उन्होंने टेलीविजन पर दिए गए बयान में कहा, हम प्रयास कर रहे हैं, लेकिन उत्तर कोरिया के साथ हमारे (बातचीत के) सभी चैनल पूरी तरह बंद हैं, इसलिए हम बिल्कुल संवाद नहीं कर पा रहे हैं। मैंने उनसे कहा कि शांति के लिए चीन की मध्यस्थ की भूमिका अहम होगी। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति शी ने हमारे प्रयासों की सराहना की और कहा कि हमें धैर्य रखना चाहिए।

चीन उत्तर कोरिया का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार और प्रमुख रणनीतिक समर्थक है। दक्षिण कोरिया और अमेरिका कई बार चीन से कहते रहे हैं कि वह अपने खास प्रभाव का इस्तेमाल कर लंबे समय से ठप पड़ी कूटनीति फिर से शुरू करने या परमाणु निरस्त्रीकरण के लिए उत्तर कोरिया को राजी करे।

चीन ने उत्तर कोरिया से जुड़े मामलों में सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की और हाल के वर्षों में उसने संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों के तहत प्रतिबंधित हथियारों के परीक्षणों के बावजूद उत्तर कोरिया पर प्रतिबंध और सख्त करने के अमेरिका और अन्य देशों के प्रयासों को कई बार रोका है। उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया और अमेरिका के साथ बातचीत से इनकार कर दिया है।

# एल्ड्रिच एम्स का निधन, सीआईए की गोपनीय जानकारी सोवियत संघ को देने का लगा था आरोप

**नई दिल्ली।** सीआईए के पूर्व अधिकारी और कुख्यात जासूस एल्ड्रिच एम्स की 84 वर्ष की आयु में मृत्यु हो गई। उन्होंने 31 वर्षों तक सीआईए में सेवा दी। उनपर अमेरिकी खुफिया जानकारी रूस को देने के आरोप थे।

सीआईए के गद्दार एल्ड्रिच एम्स का 84 वर्ष के आयु मैरीलैंड की एक जेल में मृत्यु हो गई है। जेल ब्यूरो के एक प्रवक्ता ने पुष्टि की कि एम्स की मौत सोमवार को हुई। एल्ड्रिच एम्स पर आरोप था कि उन्होंने अमेरिकी की खुफिया जानकारी रूस को दे थी। एम्स ने सीआईए में 31 साल तक सेवा दी थी। उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें 1985 से लेकर 1994 में अमेरिकी खुफिया जानकारी के बदले मॉस्को से 25 लाख अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया गया था।







खुलासों में 10 रूसी अधिकारियों और एक पूर्वी यूरोपीय व्यक्ति की पहचान शामिल

उनके खुलासों में 10 रूसी अधिकारियों और एक पूर्वी यूरोपीय व्यक्ति की पहचान शामिल थी, जो संयुक्त राज्य अमेरिका या ग्रेट ब्रिटेन के लिए जासूसी कर रहे थे। इसके साथ ही जासूसी गिरोह चला रहे थे। इसमें गुप्त रूप से बातें सुनना और सामान्य जासूसी प्रक्रियाएं भी शामिल थीं। उनके विश्वासघात को लौह पर्दे के पीछे काम कर रहे पश्चिमी एजेंटों की फांसी का कारण माना जाता है। शीत युद्ध के दौरान यह सीआईए के लिए एक बड़ा झटका था।

**एम्स ने बिना मुकदमे के ही आरोप स्वीकार किया:** उन्होंने बिना मुकदमे के जासूसी और कर चोरी के आरोप स्वीकार कर लिए और उन्हें बिना पैरोल के आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। अभियोजकों ने कहा कि उन्होंने वर्षों तक संयुक्त राज्य अमेरिका को बहुमूल्य खुफिया जानकारी से वंचित रखा। लेकिन उन्होंने अपने द्वारा किए गए नुकसान को कम करके बताया और अदालत से कहा कि उन्हें नहीं लगता कि उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका को स्पष्ट रूप से नुकसान पहुंचाया है या मॉस्को की स्पष्ट रूप से मदद की है।

**वित्तीय परेशानियों के कारण जासूसी किया -एम्स:** उन्होंने अदालत से कहा, ये जासूसी युद्ध एक तमाशा हैं, जिनका वर्षों से हमारे महत्वपूर्ण सुरक्षा हितों पर कोई वास्तविक प्रभाव नहीं पड़ा है, उन्होंने दुनिया भर में फैले मानव जासूसों के विशाल नेटवर्क से किसी भी देश के नेताओं को मिलने वाले लाभ पर सवाल उठाया।

# मलयेशिया के पूर्व पीएम महाथिर की मौत की उड़ी अफवाह

**मलयेशिया।** मलयेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री महाथिर मोहम्मद की दाहिनी कूल्हे की हड्डी टूटने के कारण मंगलवार को अस्पताल में भर्ती हुए। उनकी बेटी ने कहा कि यह गंभीर है, लेकिन जानलेवा नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने अपने पिता के मृत्य की अफवाहों को खारिज किया।

मलयेशिया के 100 वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री महाथिर मोहम्मद दाहिनी कूल्हे की हड्डी टूटने से उबर रहे हैं। इस बारे में उनकी बेटी ने कहा कि यह गंभीर है, लेकिन जानलेवा नहीं है। महाथिर मंगलवार को अपने घर पर गिरने के बाद नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट में भर्ती कराए गए। उनके कार्यालय ने बताया कि उन्हें अगले कुछ हफ्तों तक निगरानी और उपचार के लिए अस्पताल में रखा जाएगा। उनकी बेटी मरीना महाथिर ने बुधवार को एसोसिएटेड प्रेस को बताया, ह्कूल्हे में फ्रैक्चर है। हमें इसके ठीक होने का



इंतजार करना होगा, जिसमें उनकी उम्र के कारण समय लगेगा। कूल्हे में फ्रैक्चर होने पर उनकी हालत उतनी ही ठीक है जितनी किसी और की हो सकती है।

### पिता के निधन की अफवाहों को खारिज किया

इसके साथ ही उन्होंने अपने पिता की मृत्यु की अफवाहों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, यह किसी भी व्यक्ति में गंभीर हो सकता है, खासकर 100 साल के बुजुर्ग में, लेकिन यह जानलेवा नहीं है। महाथिर के बेटे मुखरिज के अनुसार, 100 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति सुबह की सामान्य कसरत, तेज चलने के दौरान गिर गए। उन्होंने आगे कहा कि डॉक्टरों ने उनकी उम्र के कारण सर्जरी से इनकार कर दिया है। इसलिए उनके ठीक होने में अधिक समय लग सकता है।

### दो बार प्रधानमंत्री का पद संभाला है

महाथिर ने 1981 से 2003 तक और फिर 2018 से 2020 तक प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान वह दुनिया के सबसे उम्रदराज राष्ट्राध्यक्ष बन गए। हालांकि वह मुख्यधारा की राजनीति से दूर हो गए हैं, फिर भी वह सार्वजनिक रूप से राजनीतिक घटनाक्रमों पर टिप्पणी करते रहते हैं। यह घटना पूर्व नेता के लिए हाल के वर्षों में स्वास्थ्य संबंधी कई परेशानियों की कड़ी में एक और कड़ी जोड़ती है, जिन्हें पहले भी कई बार ऐसी अन्य बीमारियों के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका है जो गंभीर नहीं थीं।

### महाथिर हृदय रोग से पीड़ित

महाथिर को हृदय रोग से पीड़ित रहे हैं। उनकी दो बाईपास सर्जरी हुई हैं। पहली 1989 में दिल का दौरा पड़ने के बाद और फिर 2007 में चौगुनी बाईपास सर्जरी। वह जुलाई में 100 वर्ष के हो गए और उन्होंने कहा कि मानसिक और शारीरिक रूप से सक्रिय रहना ही उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने उस समय कहा था। जब तक मैं काम कर सकता हूं, मैं काम करना चाहता हूं। मैं लगभग ऐसा व्यवहार करना चाहता हूं जैसे मैं बूढ़ा नहीं हो रहा हूं। मैं वही जीवन जीने की कोशिश करता हूं जो मैं जवानी में जीता था।

# नेपाल चुनाव में गठबंधन करेंगी सियासी पार्टियां, वेनेजुएला संकट पर क्यूबा राजदूत का बयान

**काठमांडू।** दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए वेनेजुएला पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की पोस्ट पर भारत में क्यूबा के राजदूत जुआन कार्लोस मार्सन अगुइलेरा ने कहा कि मेरे लिए इस सवाल का जवाब देना मुश्किल है। आप ट्रंप जो कह रहे हैं, उस पर 100 फीसदी या उससे अधिक भरोसा नहीं कर सकते, कभी-कभी वह लोगों को प्रभावित करने के लिए मीडिया का इस्तेमाल करते हैं। वहीं निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार करने पर उन्होंने कहा कि यह एक अवैध कदम है।

यह अंतरराष्ट्रीय कानून पर संयुक्त राष्ट्र में बताए गए सभी सिद्धांतों का उल्लंघन करता है। यह पूरी तरह से एकतरफा है। 21वीं सदी में कोई भी देश ऐसे कदम का समर्थन नहीं सकता, क्योंकि किसी को भी दूसरे देश के अंदरूनी मामलों में दखल देने का अधिकार नहीं है। किसी दूसरे देश, किसी बड़ी शक्ति को किसी भी देश के लिए फैसला करने का अधिकार नहीं है।

25 जनवरी को नेपाल में चुनाव नेपाल में भंग हो चुकी प्रतिनिधि



सभा में प्रतिनिधित्व करने वाली चार प्रमुख राजनीतिक पार्टियां 25 जनवरी को होने वाले आगामी राष्ट्रीय सभा चुनाव के लिए गठबंधन बनाने की तैयारी कर रही हैं। 4 मार्च को उच्च सदन के द्विवार्षिक सेवानिवृत्ति चक्र के अनुसार, राष्ट्रीय सभा के 18 सदस्य रिटायर होने वाले हैं। यह आंकड़ा 59 सदस्यीय उच्च सदन का एक तिहाई है और इन रिक्त सीटों को भरने के लिए चुनाव होंगे।

इन पार्टियों में गठबंधन की उम्मीद

नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-यूएमएल, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी और मधेस पार्टियों के गठबंधन के बीच चुनाव रणनीति में समन्वय के लिए चर्चा चल रही है। कांग्रेस, यूएमएल और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं के अनुसार, चर्चा इन 18 सीटों को चारों पार्टियों के बीच विभाजित करने पर केंद्रित है। इसमें कांग्रेस के लिए सात सीटें, यूएमएल के लिए छह, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी के लिए चार और जनता समाजवादी पार्टी नेपाल के लिए एक सीट का अस्थायी आवंटन है। कांग्रेस अपने उम्मीदवारों को कभी भी अंतिम रूप दे सकती है।

### अंतरिम सरकार के तीन मंत्रियों का लिया गया इस्तीफा

अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने राजनीतिक गतिविधियों से जुड़े तीन कैबिनेट मंत्रियों को पद से इस्तीफा देने का आदेश दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो मंत्री मार्च में होने वाले आम चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं, वे अंतरिम सरकार का हिस्सा नहीं रह सकते। सूत्रों के मुताबिक, कार्की ने ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्री कुलमान घिसिंग, युवा एवं खेल मंत्री बाबलू गुप्ता और संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री जगदीश खरेल से इस्तीफा देने को कहा है।

ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार समर्पित करने वाली मचाडो को अमेरिकी राष्ट्रपति ने दिया बड़ा झटका

वेनेजुएला पर अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साफ कर दिया था कि मादुरो को सत्ता से हटाए जाने के बावजूद वो विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो का समर्थन नहीं करेंगे। गौरतलब है कि मारिया कोरिना मचाडो ने नोबेल शांति पुरस्कार मिलने पर इसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को समर्पित किया था। ट्रंप ने कहा, 'मुझे लगता है कि उनके लिए नेता बनना बहुत मुश्किल होगा। उन्हें देश के भीतर समर्थन या सम्मान हासिल नहीं है। वह बहुत अच्छी महिला हैं, लेकिन उन्हें सम्मान नहीं मिलता।'

'ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शन जारी हैं और फैल रहे हैं। संकेत मिल रहे हैं कि ईरानी शासन के शीर्ष पर यह वास्तव में बिखरना शुरू हो गया है। यह वह समय है जब अमेरिका और अन्य देशों को ईरानी विपक्ष से परामर्श करना चाहिए और उनसे पूछना चाहिए कि वे मदद के लिए क्या कर सकते हैं। ईरान के लोगों को यह तय करने दें कि वे किस तरह की सरकार चाहते हैं।'

## यमन में हूती विरोधी परिषद से अलगाववादी नेता निष्कासित

यमन की हूती विरोधी परिषद ने एक अलगवावादी नेता को निष्कासित कर दिया है। एपी की रिपोर्ट के अनुसार परिषद ने नेता पर देशद्रोह के आरोपों का जिक्र कर ये फैसला लिया है। मादुरो की गिरफ्तारी ने क्यों बढ़ाई खामेनेई की चिंता? पूर्व अमेरिकी एनएसए जॉन बोल्टन ने किया खुलासा अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने कहा कि ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के लगातार बढ़ते जाने के बीच ईरानी शासन बिखर रहा है। उन्होंने कहा कि अपदस्थ नेता निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी ने शायद अयातुल्ला खामेनेई का ध्यान सबसे ज्यादा खींचा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरानी प्रदर्शनों पर दिए गए बयान पर एएनआई से बात करते हुए बोल्टन ने कहा, 'शायद अयातुल्ला का ध्यान सबसे ज्यादा मादुरो की गिरफ्तारी पर गया है। उन्हें चिंतित होना चाहिए। लेकिन मुझे लगता है कि ट्रंप की तरह बयानबाजी करने के बजाय कार्रवाई करना बेहतर है।'

# भारत-इस्राइल के प्रधानमंत्रियों की बातचीत रक्षा और आतंकवाद से जुड़े मुद्दों पर चर्चा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात की। पीएम मोदी ने कहा कि बातचीत के दौरान आतंकवाद से और अधिक दृढ़ संकल्प के साथ लड़ने के साझा संकल्प की पुष्टि की। जानिए दोनों के बीच क्या बात हुई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस्राइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू के साथ बात की। उनके साथ हुई वार्ता का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आगामी वर्ष में भारत-इस्राइल रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेंगे। नेतन्याहू के साथ दोनों देशों के रक्षा संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा हुई।

### पीएम ने दी जानकारी

इस बातचीत को लेकर पीएम मोदी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' जानकारी दी। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा, ₹अपने दोस्त, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात करके खुशी हुई। उन्हें और इस्राइल के लोगों को नए साल की शुभकामनाएं दीं। हमने आने वाले साल में भारत-इस्राइल रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। साथ ही हमने क्षेत्रीय स्थिति पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और आतंकवाद से ज्यादा मजबूती से लड़ने के अपने साझा संकल्प को दोहराया।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY
غازی آباد ڈویلپمنٹ اتھارٹی

# अवैध कब्जों पर आर-पार

## राजस्व व जनहित कार्यों में तेजी के निर्देश

### डीएम रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ की अध्यक्षता में राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कर-करेत्तर राजस्व, एंटी भूमाफिया की कार्रवाई, दैवीय आपदा, मॉकड्रिल कार्ययोजना, राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े प्रकरण, निरीक्षणों की स्थिति, माह में किए गए प्रवर्तन कार्य, कार्यालयों की भौतिक स्थिति, स्वामित्व योजना का क्रियान्वयन, अभिनव कार्य, ऑडिट आपत्तियों का निस्तारण, शिकायत निवारण, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, खनन व टास्क फोर्स की कार्रवाई, शासकीय भूमि से अवैध कब्जे हटाने, ऑनलाइन खसरा कंप्यूटरीकरण, मिशन शक्ति के तहत महिलाओं के पक्ष में स्वीकृत पट्टों तथा उप जिलाधिकारी/तहसीलदार/नायब तहसीलदार के न्यायिक कार्यों की गहन समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तहसील स्तर पर नियमित साप्ताहिक समीक्षा अनिवार्य रूप से की जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा को लेकर जिलाधिकारी ने मिलावटखोरों पर जीरो टॉलरेंस अपनाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री, पीएम सूर्य घर योजना, फैमिली आईडी सहित अन्य योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र लाभार्थियों से आवेदन कराने तथा प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, एडीएम एफ/आर, एडीएम ई, एडीएम न्यायिक, एडीएम एल/ए, सिटी मजिस्ट्रेट, उप-जिलाधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मोदीनगर तहसील में महिला जनसुनवाई

## 10 मामलों पर हुई सुनवाई

### महिला शिकायतों का प्राथमिकता से हो निस्तारण : डॉ. हिमानी अग्रवाल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. हिमानी अग्रवाल द्वारा मोदीनगर तहसील सभागार में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान घरेलू हिंसा, मारपीट, पारिवारिक विवाद और भूमि विवाद से जुड़े कुल 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।

जनसुनवाई के दौरान डॉ. हिमानी अग्रवाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिला संबंधी सभी शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध और प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग महिलाओं के लिए 24 घंटे उपलब्ध है और महिलाएं बिना किसी भय के अपनी समस्याएं खुलकर सामने रखें।

डॉ. हिमानी अग्रवाल ने यह भी कहा कि महिला सुरक्षा और सम्मान के लिए शासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है





और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान उपस्थित सभी लोगों को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर एसडीएम मोदीनगर अजीत कुमार सिंह, एसीपी महिला अपराध सलोनी अग्रवाल, एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी लोकेन्द्र सिंह, वन स्टॉप सेंटर मैनेजर दीपाली, महिला थानाध्यक्ष रीतू त्यागी, नामित अधिवक्ता संजय मुदगल एवं संगीता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हाउस टैक्स पर वर्तमान वाले नहीं दे पा रहे हैं हाउस टैक्स के मुद्दे पर पूर्व वाले राजेन्द्र त्यागी और हिमांशु मित्तल को टक्कर? मगर शिद्दत तो देखों इनकी अब लैंस डाउन के बाद लगाना चाहते हैं ये सब गोवा के चक्कर? कहने वाले ने कहा कि अगर इस मुद्दे पर जीत हासिल करनी है तो सोचना पड़ेगा कुछ हटकर? गोवा से पहले सब मिलकर लगा लें लखनऊ का टूर? एक जुट हो जायें सभी डट कर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब वो पांच चेहरे करके आये प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात? तब उनमें से कुछ चेहरे कर रहे थे अपने दिल की बात? कह रहे थे हमारे क्षेत्र के सिरमोर पहले से ही थे वहां पर मौजूद? कम से कम जब हम गये तो वो हमारा इंट्रोडक्शन तो करा ही देते उनसे साहब? लेकिन उन्होंने हमको देखते ही बदल लिया अपना अंदाज? नमस्ते करके चले गये, जैसे हमको जानते ही ना हों साहब?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भाजपा नेता बाल कृष्ण गुप्ता के बर्थडे पर सुनाई दे रहे थे हाउस टैक्स को लेकर तरह तरह के तर्क? मगर कहने वाले कह रहे थे कि आपको यहां पर समझना चाहिए पार्षद नीरज गोयल का दर्द? निगम के दो ताकतवर खेमों से बिगाड़ ली है इन्होंने अपनी बात? क्रान्ति का जज्बा कुछ इस कदर सर चढ़ा हुआ है साहब? अब आप खुद ही सोचो कि कैसे करा पा रहे होंगे अपने क्षेत्र में ये विकास के काम? क्रान्ति का भुगतना पड़ता ही है अंजाम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं आपको बता रहा हूं अंदर की बात? सिर्फ शहर सीट ही नहीं मिस्टर सिकंदर मुरादनगर में भी पूरी करना चाहते हैं अपनी दिल की मुराद? वो होना चाहते हैं इन दोनों में से किसी एक सीट पर साईकिल पर सवार? कहने वाले ने कहा एक बार मुराद नगर को लेकर उन्हें अपने मामा श्री से भी कर लेना चाहिए विचार? कहने वाले ने कहा जो भी हो उनका नाम सिकंदर है? वो हमेशा हर जंग हर तरीके से हर जगह से लड़ने को रहते हैं तैयार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के मैम्बर भाटी जी का इन दिनों जलवा चल रहा है कमाल? वो एक नहीं दो-दो गनर लेकर चल रहे हैं? चर्चा में है उनका ये वाला भौकाल? कहने वाले ने कहा कि हो सकता है सुरक्षा का हो कोई मामला? कहने वाले ने कहा कि सरकार अपनी हो तो करनी चाहिए उनको सिस्टम से बात? आज अगर वो प्राईवेट वालों पर इतना खर्च कर रहे हैं? क्या पता थोड़ी कोशिश से सरकारी गनर आ जायें उनके पास?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के दूसरे मैम्बर भाटी आजकल एहसास करा रहे हैं वो कितनी मजबूत हैं हैवीवेट वालों की लाठी? दे रहे हैं वो हर जगह यही संदेश? कह रहे हैं दुनिया इधर से उधर हो जाये? उनको लेकर नहीं बदलेगा मेरा फेस? मैं उधर से बिल्कुल रूख अपना नहीं मोड़ूंगा? मंत्री जी को कभी नहीं छोड़ूंगा? कहने वाले ने कहा भाटी जी का प्यार दिख रहा है बेमिसाल? ऐसा लग रहा है 2026 को उन्होंने 2027 के लिए बना लिया है ढाल?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम थे धक्के वाले सीन के दौरान स्टेज पर ही मौजूद? यहां पर पूरे गौरव से माईक के साथ और पूरी नाराजगी से किसी का नजर आ रहा था वजूद? कहने वाले ने कहा फिर भीड़ को चीरते हुए सुनाई दी हमें आवाज? कहने वाले ने कहा तुझे आज ही महामंत्री बना दूंगा? सुनने में थोड़ा सख्त सा लग रहा था हमें ये अंदाज? कहने वाले ने कहा जो भी हो सामने वाले के पास अगर है एक ही झटके में महामंत्री बनाने की पॉवर? तो सबकुछ भूल कर पूरे गौरव से इस चेहरे को चला जाना चाहिए उनके पास?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इन दिनों हम सुन रहे हैं भगवा महिला चेहरों के मुख से एक ही बात? मैडम प्रीति हो या मैडम सुषमा? दोनों कर तो रहीं हैं कायदे की बात? दे रही हैं पार्टी के बड़े मंचों पर महिला चेहरों के नहीं दिखाई देने का संदेश? कहने वाले ने कहा चलो कोई तो है इस बात को कहने वाला? कैसे तो सामने आया इस बात को कहने वाला फेस? अगर इन दोनों की आवाज में मिलायेंगी और भी बहने आवाज? देखना मंच पर भी दिखाई देगा महिला मोर्चा का अंदाज?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** वो जितने भी मिले थे दिल्ली जाकर प्रदेश वाले अध्यक्ष से? उनकी शान में मैं बताना चाहता हूं आपको एक ही बात? ये सभी चेहरे जमीन से जुड़े हुए हैं? अब जमीन से जुड़े होने वाली आप समझ तो गये ही होंगे मेरी बात? कहने वाले ने कहा बस इसी में छुपा है सारा राज? अगर समझने वाले समझ गये तो वो मान लें हम कर रहे होंगे उन पर नाज? ये सभी बहुत ही जमीनी नेता हैं साहब?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** ऐलीफेंट वालों के दल में लग रही है सर्दी में भी किसको गर्मी? सुना है लाला जी ने कर लिया है खुद को केक वाले टारगेट से दूर? पुराने महावतों ने कर दी है स्थिति स्पष्ट? हमारे पास नहीं है फिलहाल इस बात के लिए फंड? हमें क्या पता था ऐन मौके पर लाला जी कर देंगे हमको इस तरह झंड? घूम के तो हमारे पास ही आना है? दिखाना ठीक नही है इस तरह का घमंड?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष ने कहा, गोवा का टूर होगा मार्च में जरूर

# बोले, पहले से ज्यादा होंगे पार्षद और कर लेंगे हम पूरा हवाई जहाज ही बुक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम वाले नए वर्ष पर पूरे हर्ष के साथ नए अंदाज में उत्तराखंड के टूर से लौटे हैं। पार्षद गये, मंडल अध्यक्ष गये और उनके साथ भाजपा विधायक भी गये। गाजियाबाद के पार्षद इस बात से गदगद हैं कि कोटद्वार के मेयर के उनका बहुत ही आदर सत्कार किया और उनकी बहुत ज्यादा केयर की।

तंबोला से लेकर म्यूजिकल चेयर वाला गेम कराकर डिप्टी मेयर सहित सभी पार्षद टोला वापस लौट आया है। अब उत्तराखंड की सफलता से उत्साहित होकर पार्षद गोवा वाले टूर पर जाना चाहते हैं। सुना है कि हिमालय के दर्शन करते हुए ही समुद्र तट में नहाने का प्लान बन गया था। यानी गोवा वाला टूर पूरा पक चुका है और सर्दी के मौसम में जैसे हिमालय पर्वत के दर्शन किये गये हैं वैसे ही गर्मी का मौसम शुरू होते ही गोवा में समुद्र तट पर पार्षद फिर एक साथ जुटेंगे। इस बात को एक बार फिर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने दोहराया। व्यापारी नेता बालकृष्ण गुप्ता बालू के जन्मदिन पर प्रवीण चौधरी ने कहा कि गोवा का टूर तो जरूर होगा। दरअसल बर्थडे पर बालकृष्ण गुप्ता बालू ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समारोह किया था। सभी लोग यहां मौजूद थे। जब गोवा टूर की बात चली तो यहां पार्षद नीरज गोयल, पार्षद हिमांशु शर्मा और लोहा व्यापार मंडल के अध्यक्ष अतुल जैन भी मौजूद थे।




सिद्ध बलि टूर से बात चलती हुई जब गोवा की चर्चा पर आ गई तो यहां प्रवीण चौधरी ने इस टूर को लेकर कन्फर्मेशन की मुहर लगाई। उन्होंने कहा कि गोवा टूर वाली बात केवल हवा में यानी इन द एयर नहीं है।

उन्होंने दोहराया कि पार्षद इस बार पहले से अधिक संख्या में जायेंगे और गोवा का टूर तो जरूर होगा। यहां पर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने फिर कहा कि यह कोई शक्ति प्रदर्शन नहीं है। यह तो पार्षदों की एकता और सौहार्द की एक परम्परा का अनुपालन है। निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने कहा कि इस बार पार्षदों की संख्या पहले से ज्यादा होगी और अगर टूर पर जाने वाले यात्रियों की संख्या अधिक हुई तो फिर हम पूरा प्लेन ही बुक कर लेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे हौसलें बुलंद हैं और गोवा वाला टूर होगा और जरूर होगा।

# एसआईआर-2026 की ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी, घर बैठे ऐसे करें नाम की जांच



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) के तहत 6 जनवरी 2026 को प्रकाशित की गई ड्राफ्ट मतदाता सूची में नागरिक अब ऑनलाइन यह जांच कर सकते हैं कि उनका नाम दर्ज है या नहीं। चुनाव आयोग ने इसके लिए सरल डिजिटल व्यवस्था उपलब्ध कराई है।

नागरिक सीईओ यूपी की आधिकारिक वेबसाइट ceouttarpradesh.nic.in पर जाकर यह जांच कर सकते हैं। वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ पर ह्वविशेष गहन संशोधन (एसआईआर)-2026 शीर्षक से पॉप-अप खुलता है, जिसमें ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल एसआईआर-2026 में ईपीआईसी नंबर द्वारा नाम खोजें विकल्प दिया गया है। इस विकल्प पर क्लिक करने के बाद मतदाता को अपने ईपीआईसी नंबर और कैप्चा भरकर सर्च करना होता है।

यदि नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में मौजूद है, तो स्क्रीन पर जिला, विधानसभा क्षेत्र, मतदान केंद्र और क्रम संख्या का पूरा विवरण दिखाई देता है।

वहीं यदि नाम सूची में दर्ज नहीं है, तो परिणाम में "No Result Found" प्रदर्शित होता है। इसके अलावा मतदाता electoralsearch.eci.gov.in पोर्टल के माध्यम से भी ईपीआईसी नंबर डालकर अपना नाम खोज सकते हैं। यहां भी नाम दर्ज होने की स्थिति में पूरा विवरण उपलब्ध होगा, जबकि नाम न होने पर नो रिजल्ट का संदेश दिखाई देगा। ड्राफ्ट सूची में नाम की जांच इसलिए जरूरी है ताकि यदि किसी मतदाता का नाम छूट गया हो, तो वह समय रहते दावे-आपत्ति की प्रक्रिया के तहत आवश्यक कार्रवाई कर सके।

# अग्नि सुरक्षा को लेकर गाजियाबाद में बड़ा चेकिंग अभियान

## 42 स्थानों की हुई जांच, अधूरे मिले आग से बचाव के इंतजाम




गाजियाबाद, करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट में अग्नि सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। अपर पुलिस महानिर्देशक, अग्निशमन एवं आपात सेवा मुख्यालय लखनऊ (उ.प्र.) के निदेशों पर शहर के मॉल, होटल, मैरिज/बैंक्वेट हॉल, बारात घर जैसे भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार 7 जनवरी 2026 को गाजियाबाद कमिश्नरेट के प्रभारी अधिकारियों द्वारा अग्नि सुरक्षा चेकिंग अभियान के तहत इंदिरापुरम स्थित शाइन प्लाजा और वन मॉल, वसुंधरा के होटल ब्लैक स्टोन एवं होटल द डायमंड, लोहनगर स्थित ग्रैंड पीतल बैंक्वेट हॉल, मालीवाड़ा क्षेत्र में वोल्गा पैलेस, कविनगर स्थित ट्रिनिटी बैंक्वेट हॉल और एनएच-24 पर स्थित एलिगेंट बैंक्वेट हॉल में स्थापित अग्निशमन प्रणालियों का गहन परीक्षण किया गया।

जांच के दौरान शाइन प्लाजा, वन मॉल, ग्रैंड पीतल बैंक्वेट हॉल, वोल्गा पैलेस, ट्रिनिटी बैंक्वेट हॉल एवं एलिगेंट बैंक्वेट हॉल में अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्थाओं में कुछ कमियां पाई गईं। इन कमियों को शीघ्र दुरुस्त कराने के निर्देश देते हुए संबंधित भवन स्वामियों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं।







### जल्द जारी होंगे लापरवाही के लिए नोटिस

करंट क्राइम : अग्निशमन प्रणाली के परीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद कर्मचारियों को अग्निशमन उपकरणों के संचालन का संक्षिप्त प्रशिक्षण भी दिया गया। साथ ही आग की घटनाओं से होने वाली जन-धन की हानि के प्रति जागरूक किया गया। इसके अलावा भवनों में स्थापित विद्युत सुरक्षा प्रणालियों का विद्युत ऑडिट कराने के लिए भी संबंधितों को अवगत कराया गया। सीएफओ राहुल पाल ने सभी भवन स्वामियों को निर्देश दिए कि वे अपने भवनों में लगी अग्निशमन प्रणालियों को सदैव ऑटो मोड में कार्यशील स्थिति में रखें और सभी निकास मार्गों को हमेशा अवरोध मुक्त बनाए रखें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में सुरक्षित निकासी सुनिश्चित की जा सके। बताया गया कि अपर पुलिस महानिर्देशक अग्निशमन एवं आपात सेवा मुख्यालय लखनऊ के आदेशानुसार चल रहे इस लगातार अभियान के अंतर्गत 27 दिसंबर 2025 से 7 जनवरी 2026 तक कुल 42 भवनों की जांच की जा चुकी है। जांच के दौरान जहां-जहां अग्नि सुरक्षा में कमियां पाई गई, वहां सुधार के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## सेक्टर डेल्टा वन में दूषित पानी की शिकायत, प्राधिकरण ने जांच के दिए निर्देश

नोएडा। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर डेल्टा वन में दूषित पानी सप्लाई की मिल रही शिकायतों पर प्राधिकरण ने तत्काल संज्ञान लिया। प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह ने जल विभाग को तत्काल मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिए। जल विभाग की टीम ने जिन सेक्टरवासियों ने दूषित पानी सप्लाई की शिकायत की थी, उनके घरों में जाकर पानी की जांच की है। जल विभाग की तरफ से बताया गया है कि इन घरों में पानी साफ पानी आ रहा है।

सिर्फ एक घर के सप्लाई कनेक्शन में दिक्कत थी और एक अन्य जगह पर पाइप से लीकेज प्राप्त हुई है। दोनों जगहों पर विभाग की तरफ से तत्काल रिपेयर करा दिया गया है, लेकिन जलापूर्ति में सीवर के मिश्रित होने का कोई साक्ष्य नहीं मिला है। वहीं, जल विभाग की टीम ने शाम को जलापूर्ति होने पर दोबारा से सैंपल लिए हैं। इसे जांच के लिए लैब भेजा जाएगा।

# हिंडन बायोडायवर्सिटी पार्क का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

## 2026 में गाजियाबाद शहर को मिलेगा हरित सौगात





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम गाजियाबाद द्वारा शहर को एक नई हरित पहचान देने की दिशा में हिंडन बायोडायवर्सिटी पार्क का निर्माण तीव्र गति से किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सिटी जोन स्थित नए बस अड्डे के समीप, महामाया स्टेडियम के पीछे विकसित हो रहे हिडन बायोडायवर्सिटी पार्क का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को



सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने बताया कि पहले गंदगी और अव्यवस्था से घिरे इस क्षेत्र को नगर निगम के निर्माण विभाग द्वारा पूरी तरह साफ कर सुव्यवस्थित किया गया है और अब इसे एक आधुनिक व पर्यावरण-संवेदनशील पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह पार्क न केवल शहर की सुंदरता बढ़ाएगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। निरीक्षण के समय नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश और मुख्य अभियंता (निर्माण) नरेंद्र कुमार चौधरी भी उपस्थित रहे।

नगर निगम की योजना के अनुसार वर्ष 2026 में गाजियाबादवासियों को यह भव्य बायोडायवर्सिटी पार्क समर्पित किया जाएगा। पार्क में आधुनिक सुविधाओं के अंतर्गत सुव्यवस्थित पार्किंग, रेस्टोरेंट, वॉकवे, आकर्षक फाउंटेन के साथ-साथ जिपलाइन, रिसर्च गार्डन, लोटस पॉन्ड और बटरफ्लाई गार्डन विकसित किए जा रहे हैं, जो सभी आयु वर्ग के नागरिकों के लिए आकर्षण का केंद्र होंगे।

करीब 63.2 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित हो रहे इस पार्क पर लगभग 14 करोड़ 76 लाख रुपये की लागत आएगी। निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद निर्माण कार्य सुनील गर्ग एंड कंपनी द्वारा कराया जा रहा है। नगर आयुक्त ने बताया कि लगभग 6 से 9 माह में कार्य पूर्ण कर पार्क को जनता के लिए खोल दिया जाएगा। नगर निगम अधिकारी लगातार कार्यों की निगरानी कर रहे हैं, ताकि गाजियाबाद को एक स्वच्छ, हरित और आधुनिक सार्वजनिक स्थल की सौगात मिली है।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।